आरएनआई नं.-CHHHIN/2009/34957
डाक पं. क्रं. एल.एस.बी./जी2-112/सी.जी./बी.एल.पी./83/2020-22

**सुविचार**

*जो व्यक्ति अपनी असफलताओं से कोई सीख नहीं लेता है, वह कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता हैं।*

-अज्ञात

# तरुण पथ

हिन्दी दैनिक

खबरों की दौड़ में सबसे आगे

● वर्ष-16 ● अंक- 58 संस्करण : बिलासपुर एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित




● दि. भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीय, गुरुवार 05 सितम्बर 2024 बिलासपुर छ.ग. संस्करण ● dainiktarunpath@gmail.com फोन : 07752-296990 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 1.00

## संक्षिप्त समाचार

### सात साल से खाली पड़ा महिला आयोग, पीड़ित न्याय से वंचित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में महिला अपराध के मामले बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा है। इसका कारण यह है कि राज्य महिला आयोग की बेंच सात साल से नहीं लगी है, क्योंकि आयोग में अध्यक्ष और सदस्य नहीं हैं। इस कारण प्रदेशभर की पीड़त महिलाएं न्याय के लिए दर-दर भटक रही हैं। अब तक राज्य महिला आयोग में करीब 24 हजार मामले लंबित हैं, जबकि आयोग के नियमानुसार किसी भी शिकायत पर 15 दिन के अंदर कार्रवाई करनी होती है। आयोग में 2018 के बाद से बेंच ही नहीं लगी है। इस कारण आयोग में पीड़ित महिलाओं के मामले बढ़ रहे हैं। आयोग में करीब 3500 महिलाएं हर साल महिला आयोग में शिकायतें दर्ज करवाने पहुंचती हैं। दरअसल, 2018 में आयोग की अध्यख लता वानखेड़े का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने 18 मार्च 2020 को आयोग की अध्यक्ष शोभा ओझा को बनाया था और सदस्यों की भी नियुक्ति की थी, लेकिन उसके बाद फिर से भाजपा की सरकार आ गई और नियुक्तियों का मामला कोर्ट में पहुंच गया। इस दौरान एक भी दिन भी बैंच नहीं लगी। इसके बाद से दोबारा भाजपा की सरकार बनने के बाद महिला आयोग में अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो पाई हे। इस कारण हिंसा पीड़ित महिलाओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

### ट्रेन के सामने कूदकर युवती ने दी जान, मचा हड़कंप

**मेरठ।** मंगलवार की दोपहर रोहटा फ्लाईओवर के पास एक युवती ने ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। घटना के चलते आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के बाद रेलवे रोड पुलिस और जीआरपी भी मौके पर पहुंची। घटना क्षेत्र जीआरपी के अंतर्गत होने के कारण शव की शिनाख्त ना होने पर जीआरपी द्वारा युवती के शव को मोर्चरी के लिए भेज दिया गया है। घटना मंगलवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लगभग 25 वर्षीय युवती काफी देर से रोहटा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही रेलवे लाइन के पास घूम रही थी।

ब्रुनेई में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

# भारत विस्तारवाद नहीं,विकास की नीति का समर्थन करता है

बेगवान/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परोक्ष रूप से चीन के संदर्भ में बुधवार को कहा कि भारत विस्तारवाद की नहीं बल्कि विकास की नीति का समर्थन करता है. प्रधानमंत्री मोदी की ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई. प्रधानमंत्री की सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के साथ रक्षा, व्यापार समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ भारत और ब्रुनेई ने द्विपक्षीय साझेदारी को 'उच्च स्तर तक' बढ.ाने की कवायद को अमली जामा पहनाया. मोदी ने सुल्तान बोलकिया द्वारा आयोजित भोज में किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, हम विस्तारवाद की नहीं बल्कि विकास की नीति का समर्थन करते हैं. चीन का दक्षिण चीन सागर (एससीएस) और पूर्वी चीन सागर (ईसीएस) में कई देशों के साथ विवाद है. चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं. मोदी ने कहा, हम इस बात पर सहमत हैं कि इस क्षेत्र में एक आचार संहिता को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा आसियान (दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) को प्राथमिकता दी है और आगे भी ऐसा करता रहेगा. ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा पर आने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम यूएनसीएलओएस (समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि) जैसे अंतरराष्ट्रीय



कानूनों के तहत नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं.दोनों नेताओं की वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया. बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने शांति, स्थिरता, समुद्री रक्षा और सुरक्षा को बनाए रखने एवं बढ.ावा देने के साथ नौवहन एवं उड़ान की स्वतंत्रता का सम्मान करने एवं अंतरराष्ट्रीय कानून विशेष रूप से यूएनसीएलओएस, 1982 के अनुरूप निर्बाध वैध व्यापार की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है. इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से यूएनसीएलओएस 1982 के अनुसार शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों को सुलझाने का आग्रह किया.मोदी ने ब्रुनेई को भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद-प्रशांत के लिए दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण साझेदार बताया और कहा कि सुल्तान के साथ उनकी बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई तथा दोनों पक्ष व्यापार संबंधों, वाणिज्यिक संबंधों और लोगों के बीच आदान-प्रदान को और आगे बढ.ाने जा रहे हैं.मोदी ने कहा, भारत और ब्रुनेई के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं. इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं. इस अवसर पर हमने अपने संबंधों को साझेदारी के स्तर तक बढ.ाने का निर्णय लिया है.

### विदेश मंत्री जयशंकर और ब्रुनेई के परिवहन मंत्री ने किया एमओयू पर हस्ताक्षर

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और ब्रुनेई के परिवहन और सूचना संचार मंत्री महामहिम पेंगिरन दातो शमहारी पेंगिरन दातो मुस्तफा ने उपग्रह और प्रक्षेपण वाहनों के लिए टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और टेलीकमांड स्टेशन के संचालन में सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस दौरान पीएम मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान भी मौजूद रहे। वार्ता के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के टेलीमेट्री ट्रैकिंग और टेलीकमांडस्टेशन की मेजबानी जारी रखने के लिए ब्रुनेई दारुस्सलाम की गहरी सराहना की।

पुलिस का दावा

# पूजा खेडकर का एक दिव्यांगता प्रमाणपत्र जाली हो सकता है......

नयी दिल्ली/ एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने उच्च न्यायालय को बताया है कि पूर्व आईएएस परिवीक्षाधीन अधिकारी पूजा खेडकर ने कई प्रकार की दिव्यांगता दिखाने के लिए दो प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए थे और उसकी जांच से पता चला है कि इनमें से एक दस्तावेज जाली' और मनगढ.ंत हो सकता है. दिल्ली पुलिस ने यह दलील खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका के जवाब में दी. खेडकर पर धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी तथा दिव्यांगता कोटे का लाभ प्राप्त करने का आरोप है. एजेंसी ने कहा कि खेडकर ने



क्रमश? सिविल सेवा परीक्षा-2022 और सिविल सेवा परीक्षा-2023 के लिए दो दिव्यांगता प्रमाणपत्र जमा किए हैं.स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि सत्यापन के बाद, जारीकर्ता चिकित्सा प्राधिकरण, अहमदनगर, महाराष्ट्र ने हालांकि दावा किया है कि 'लोकोमोटर' दिव्यांगता, श्रवण दोष और आंखों से कम दिखने संबंधी प्रमाणपत्र सिविल सर्जन कार्यालय रिकॉर्ड के अनुसार जारी नहीं किया गया था और दिव्यांगता प्रमाणपत्र के जाली और मनगढ.ंत होने की अधिक आशंका है. 'लोकोमोटर डिसेबिलिटी' या चलन-संबंधी दिव्यांगता उस दिव्यांगता को कहते हैं जिसमें व्यक्ति के पैर ठीक से काम नहीं करते. इस मामले में अगली सुनवाई पांच सितंबर को होगी. खेडकर ने आरक्षण का लाभ पाने के लिए यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, 2022 के लिए अपने आवेदन में कथित रूप से गलत जानकारी दी थी.

# शिंदे ने कहा किसानों के साथ हम खड़े हैं...

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने किसानों से मिलने और नुकसान के बारे में जानने के लिए लातूर के नृसिंहवाड़ी गांव का दौरा किया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि बारिश जैसे ही तेज हुई है हमने विभाग आयुक्तों और जिलाधिकारियों को पंचनामें के लिए सूचित किया था कि जल्द-जल्द उनके पंचनामें हो जाए और उनका जितना नुकसान हुआ है उसका रिकॉर्ड शासन को भेज दिया जाए। सरकार हमेशा किसानों के पीछे खड़ी रही है और इस बार भी किसानों को काफी नुकसान हुआ है हम उनके साथ खड़े हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण पिछले तीन दिनों में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। अधिकारियों द्वारा किए गए प्राथमिक मूल्यांकन में यह जानकारी सामने आई है। मराठवाड़ा में एक सितंबर से लगातार तीन दिनों तक भारी बारिश हुई और मंगलवार शाम के बाद बारिश रुक गई। बारिश के कारण सात जिलों में लगभग 11.67 लाख हेक्टेयर भूमि पर फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है, जिसमें नांदेड़ में प्रकृति के प्रकोप का सबसे अधिक प्रभाव देखा गया। प्राथमिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार एक सितंबर से बारिश संबंधी घटनाओं में छत्रपति संभाजीनगर में पांच, हिंगोली में दो, तथा लातूर, बीड और जालना में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। राज्य में मूसलाधार बारिश से 284 राजस्व क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। सात जिलों के 883 गांवों में फसल बर्बाद हो गई है। प्रभावित जमीनें 14.62 लाख किसानों की हैं। नांदेड़ जिले में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां 3.34 लाख हेक्टेयर से अधिक फसलें प्रभावित हुई हैं।

मुख्यमंत्री योगी का ऐलान

# बेटियों को छूने वालों के हाथ पांव अलग कर दिए जाएंगे...

प्रयागराज/ एजेंसी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने विरोधियों को निशाने पर लेते हुए कहा कि हमने तय किया है कि जो माफिया सिर उठाने का काम करेंगे, उन्हें मिट्टी में मिलाने का काम करेंगे। माफिया के सामने नाक रगड़ने वाले बुलडोजर नहीं चला सकते। उसके लिए बुलडोजर जैसा दिल चाहिए। माफिया समाज का कोढ़ है, इसे निकाल फेंकेंगे। बेटियों की सुरक्षा को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्हें छूने वालों के हाथ-पांव अलग कर दिए जाएंगे। योगी ने ये बातें रोजगार मेले के शुभारंभ एवं



633 करोड़ की 407 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण के अवसर पर कहीं। उन्होंने प्रयागराज के महत्व को बताते हुए कहा कि यहां महर्षि भारद्वाज का पहला गुरुकुल था, फिर भी पहचान का संकट था। जाति के नाम पर लड़ाने वालों की वजह से ऐसा हुआ था। इस यज्ञ की धरा पर कुंभ कैसा होता है, उसे 2019 में दिखा दिया गया है। अच्छा काम करते हैं, उससे व्यक्ति को सम्मान मिलता है। क्या 2017 से पहले ये सम्मान मिलता था? तब लोग बताते थे कि यूपी के हैं तो लोग हेय दृष्टि से देखते थे। तब चाचा भतीजा नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली किया करते थे। कहा कि आयोग में सूची लगती थी। कार्य करने के लिए नेक नियति होनी चाहिए। 2017 से पहले यूपी बीमारू राज्य था, युवाओं को रोजगार नहीं मिलता था, किसान आत्म हत्या करते थे। बहन बेटी सुरक्षित नहीं थीं। दंगे होते थे।

आप ने लगाया बड़ा आरोप

# नहीं मिल रही केजरीवाल से मिलने की अनुमति, आप सांसद संजय सिंह ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा...

नई दिल्ली/ एजेंसी

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने उन्हें तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने की अनुमति नहीं दी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 9 सितंबर, 2024 को तय की। संजय सिंह की ओर से पेश होते हुए, वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने प्रस्तुत किया कि संबंधित



अधीक्षक ने मनमाने ढंग से और अनुचित तरीके से संजय सिंह द्वारा दिल्ली जेल नियम, 2018 के नियम 588 का हवाला देकर और यह कहते हुए मांगी गई लगातार दो अनुमतियों से इनकार कर दिया कि वह एक 'पूर्व कैदी' हैं। इनकार के लिए लिखित में कोई कारण नहीं दिया गया और नियम 616 कारणों को दर्ज करना अनिवार्य बनाता है। 'पूर्व कैदी' शब्द को दिल्ली कारागार अधिनियम, 2000 या दिल्ली कारागार नियम, 2018 में परिभाषित नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता राज्यसभा में मौजूदा सांसद हैं। वह समुदाय के एक प्रतिष्ठित सदस्य, कट्टर राष्ट्रवादी और आम आदमी पार्टी के सदस्य भी हैं। सिंह ने याचिका के माध्यम से कहा कि याचिकाकर्ता के साक्षात्कार के अधिकार से बार-बार इनकार करना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निहित उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है क्योंकि मौलिक 'जीवन का अधिकार' अपने दायरे में अपने परिवार के सदस्यों से मिलने का अधिकार भी लेता है। /मित्र जो जेल में हिरासत में हैं। दिल्ली जेल नियम 2018 को दिल्ली जेल अधिनियम, 2000 की धारा 71 के तहत प्रत्यायोजित कानून के माध्यम से तैयार किया गया है। अध्याय ङ्खङ्ग के तहत दिल्ली जेल अधिनियम, 2000 साक्षात्कार और पत्रों से संबंधित है। आप नेता ने आज कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने के पीछे एक गहरी साजिश है। उनकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली का सांसद हूं, जेल का दौरा भी कर सकता हूं।



## सार-समाचार

### पैसे के को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला कर किया घायल जिला अस्पताल रिफर




लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसंगा चारपारा में पैसे को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया सर में गंभीर चोट होने पर डॉक्टरों ने घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर किया है। मिली जानकारी के मुताबिक कोंसगा चारपारा निवासि अनिल टोप्पो और उसकी पत्नी नानो उराव के बीच पैसे को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद अनिल टोप्पो ने घर में रखे कुल्हाड़ी उठाकर अपनी पत्नी नानो उरांव पर सर और पैर में एक के बाद एक प्राण घातक हमला कर दिया। है जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।पड़ोसियों के द्वारा एंबुलेंस 108 को फोन किया गया सूचना मिलते ही एंबुलेंस 108 की टीम मौके पर पहुंची घायल महिला को उपचार हेतू लखनपुर अस्पताल लेकर आए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है।साथ ही घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई है।

### घुमंतू बच्चों को चरण पादुका का वितरण



**रामानुजगंज/** नगर की समाजसेवी संस्था जन चेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दुबे एवं इनके सहयोगियों के द्वारा यहां के सड़कों पर नंगे पांव घूम रहे घुमंतू बच्चों को देखकर पिछले दो महीने से चरण पादुका पहनाने का कार्य रही है उल्लेखनीय है कि नगर की समाजसेवी संस्था जन चेतना कल्याण मंच के द्वारा समय-समय पर नगर में समाज कल्याण संबंधी कार्य करते रहती है संस्था के द्वारा ठंडी के दिनों में पिछले कई वर्षों से वस्त्र वितरण का कार्य भी लगातार करते आ रही है। इसी तरह संस्था के अध्यक्ष श्री दुबे के द्वारा सड़क पर नंगे पाओं चल रहे गरीब बच्चों को देखकर उन्हें चरण पादुका देने का मन बनाया था। श्री दुबे का कहना था कि जब मैं सड़क पर इन बच्चों को बिना चप्पल जूते के गर्मी के दिनों में भी ऐसे ही चलते रहते हैं तब मन बहुत अशांत हो जाता था तब मैंने स्वयं एवं अन्य सहयोगियों के साथ इन बच्चों को चरण पादुका बांटना चालू किया। वर्तमान में लगभग दो महीने से इन बच्चों को चरण पादुका देने का कार्य कर रहे हैं तथा आने वाले समय में भी ऐसे जरूरतमंदों को चरण पादुका देने का कार्य जारी रहेगा। मेरा सभी ऐसे सक्षम लोगों से अनुरोध है कि आप भी ऐसे जरूरतमंदों को सहयोग करते रहे आपको अपने आप में बहुत अच्छा लगेगा।

### छत्तीसगढ़ का पहला नगर पंचायत जहां 100 जलाने के लिए सिर्फ?1000 का सहयोग राशि लिया जाता है

**रामानुजगंज/** नगर पंचायत रामानुजगंज छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा नगर पंचायत है जहां शव जलाने के लिए मुक्ति धाम में ही नगर पंचायत के द्वारा मात्र एक हजार रुपय में प्रयाप्त लकड़ी उपलब्ध कराया जाता है। विगत 8 वर्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की पहल पर यह व्यवस्था शुरू हुई जो अनवरत जारी है। गौरतलब है कि नगर में पहले किसी की मृत्यु होने पर अग्नी संस्कार करने के लिए दुख की घड़ी में वन विभाग के लकड़ी डिपो जाकर लकड़ी लाना पड़ता था डिपो से लकड़ी लाने के लिए वाहन की व्यवस्था करना और वहां से मुक्ति धाम तक लकड़ी लाना बहुत ही परेशानी भरा होता था यहां तक की कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हो जाती थी कि शहर में मौत हुई एवं वन विभाग के लकड़ी डिपो में लकड़ी नहीं था ऐसे में कई घंटे के मशक्कत के बाद परिजन लकड़ी की व्यवस्था कर शव का अग्नि संस्कार करते थे। ऐसी परेशानी को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के पहल पर ?1000 में शव जलाने के लिए लकड़ी दिलाने की व्यवस्था मुक्तिधाम में ही कराई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि नगर में किसी के घर में मृत्यु होने के बाद दुख को घड़ी में लकड़ी का इंतजाम करना काफी मुश्किल होता था जिसे हम लोगों ने महसूस किया। दुख को कम नहीं किया जा सकता है परंतु साझा जरूर किया जा सकता है हम लोगों ने पार्षदों की सहमति से मुक्ति धाम में ही लकड़ी दिलाने की व्यवस्था बनाई लागत करीब 1500 से ऊपर लगता है परंतु ?1000 में ही लकड़ी उपलब्ध कराई जाती है विगत 8 वर्षों से अनवरत रूप से यह व्यवस्था चालू है।

# जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बस्ती में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में 35 आवेदन निराकृत

### योजनाओं की जानकारी रखेंगे तभी उसका सही ढंग से लाभ ले पाएंगे : कलेक्टर

### विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

### गोद भराई एवं अन्नप्राशन के साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित



**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** गौरेला विकासखंड के सुदुर वनांचल ग्राम पंचायत बस्ती में आज जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 35 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया। शेष आवेदनों को यथाशीघ्र निराकृत करने संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बता रहे हैं। साथ ही विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी रखेंगे तभी उसका सही ढंग से लाभ ले पाएंगे। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से योजनाओं की जानकारी, पात्रता, पंजीयन, आवश्यक दस्तावेज आदि के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकते है तथा शिविर में अपनी समस्याओं मांगों एवं शिकायतों का समाधान करा सकते हैं।

जनपद पंचायत अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा एवं गणमान्य नागरिक बृजलाल सिंह राठौर ने भी शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया और शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने कहा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत चार गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और दो शिशुवती महिलाओं के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, मछली पालन, कृषि विभाग की योजनाओ के तहत आयुष्मान कार्ड, अतिरिक्त पोषण आहार पैकेट, मछली जाल, स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र एवं कीटनाशक दवाईयों का वितरित किया गया।

# प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम







### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैनपाट कमलेश्वरपुर में पिरामल फाउंडेशन ने किया आयोजन

**मैनपाट/** सरगुजा द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त सरगुजा बनाने के लिए पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा सघन गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में फाउंडेशन के गांधी फेलो दीपांशु गुप्ता के द्वारा मैनपाट कमलेश्वरपुर एकलव्य आदर्श विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सर्वप्रथम छात्रों के साथ इनर्जाइजर गतिविधि के माध्यम से उन्हें संगठित रहने का,स्वच्छता बनाए रखने एवं व्यसन से दूर रहने का संदेश दिया।तत्पश्चात वीडियो,पीपीटी के माध्यम से टीबी रोग और इसके लक्षण, बचाव की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि खांसी की शिकायत हो या ऐसे मरीज जिन्हें छाती में दर्द या सांस लेने मे दिक्कत हो, ऐसे लोगों में टीबी होने की संभावना ज्यादा रहती है। इन्हें पल्मोनरी टीबी और एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी व बीमारी का ईलाज कहां और कैसे होता है, इसके बारे में बताया।

क्षय रोग अब लाइलाज बीमारी नहीं है, न ही यह किसी प्रकार की छुआछूत की बीमारी है। सभी स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज और दवा दोनों नि:शुल्क है। अगर किसी व्यक्ति को दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, बुखार, कमजोरी या सीने में दर्द हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में खखार की जांच अवश्य कराएं एवं टीबी मुक्त सरगुजा बनाने की ओर अग्रसर हों । कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए गांधी फेलो ने प्रधानाध्यापक अजीत पाल सिंह जी, शिक्षक बासु कुमार सरदार जी,शिक्षक माथुर लाल दीवान जी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कलेक्टर ने गणेश विसर्जन झांकी के संबंध में गणेशोत्सव समिति के सदस्यों की ली बैठक

### गणेश उत्सव समिति के सर्वसहमति से हुआ रूट चार्ट तय

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में गणेश विसर्जन झांकी रूट और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में गणेशोत्सव समितियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश उत्सव झांकी की गौरवशाली परंपरा रही है। यहां गणेश उत्सव झांकी देखने जिले भर के नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इसके लिए निर्धारित रूट से झांकियां निकालना होगा। उन्होंने कहा कि सभी झांकियों को निर्धारित समय और एक डायरेक्शन में झांकी निकालनी होगी। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सुविधा पहुंचनी चाहिए, यह सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए गणेश उत्सव समितियों की सर्वसहमति से गणेश विसर्जन झांकी का रूट चार्ट तय किया गया। सभी गणेश विसर्जन झांकियां विसर्जन के लिए मानव मंदिर चौक से निकाली जाएगी। झांकी को महावीर चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए मानव मंदिर चौक लानी होगी। इसी तरह गुरूद्वारा चौक से मानव मंदिर चौक और दुर्गा चौक से मानव मंदिर चौक लानी होगी। झांकियां मानव मंदिर चौक से आजाद चौक होते हुए भारत माता चौक, कामठी लाईन, सुर्जन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, गंज चौक, नंदई चौक से मोहारा नदी जाएगी। स्वागत पंडाल गंज चौक में लगाया जाएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने डीजे संचालन के लिए उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के लिए जारी आदेश की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झांकी में तेज आवाज में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि बारिश का समय है, झांकी के दौरान शार्ट-सर्किट होने की स्थिति बनी रहती है। सुरक्षा के पूरे इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थल झांकी और विसर्जन झांकी में 2-2 अग्नि शमन सिलेण्डर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झांकी के दौरान प्रत्येक गतिविधियों की फोटो एवं वीडियोग्राफी की जाएगी। किसी भी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थल झांकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए समितियों से कहा। झांकी के दौरान फटाके फोड़ना, किसी भी तरह का हथियार व लाठी-डंडा लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश विसर्जन की झांकी बहुत प्रसिद्ध है। उन्होंने गणेश विसर्जन झांकियों को निर्धारित रूप से ही निकालने कहा। जिससे सुरक्षा व्यवस्थाएं बनी रहे। उन्होंने कहा कि डीजे साउंड सिस्टम की तेज आवाज से बच्चे, बुजुर्ग, बीमार व्यक्तियों, प्रसूति माताओं के स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा प्रभाव होता है। उन्होंने कहा निर्धारित

# छात्रों ने एनएच 343 का किया चक्का जाम



महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने छात्र नेता आदित्य विभु जायसवाल के नेतृत्व में तहसील से कालेज तक की सड़क की निर्माण की मांग को लेकर सैकड़ों छात्र छात्राओं ने एनएच 343 चक्का जाम किया, कुछ दिन पहले भी सैडको छात्र छात्राओं में एसडीएम को ज्ञापन देके की मांग करी थी, वह पूरा नही हुआ,छात्र नेता आदित्य विभु जायसवाल और छात्र छात्राओं ने बताया की इस सड़क का निर्माण नही किया जाना बहुत दुर्भाग्य का बात है, उसी रोड में तहसील, एसडीएम कार्यालय और काजेल तीनों प्रमुख चीज पड़ता है पर किसी का ध्यान इस सड़क में नही है ये कही ना कही शासन प्रशासन के सुस्त रहने का नतीजा है, चक्का जाम के दौरान मुकेश , पियूष , अनुराग, नितेश, अनीता, श्रेया, महिमा, पंकज, विमल , जसफीना , स्वेता, पूजा, मुस्कान व सैकड़ों की संख्या मे छात्र छात्राओं की उपस्थिति थी

# विधायक राजेश अग्रवाल के हाथो कृषकों को मछली बीज का वितरण

लखनपुर मत्स्य विभाग के द्वारा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में मछली बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम सुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि शासन के द्वारा मछली की पालन करने वाले कृषकों को शासन की ओर से 50 फ़ीसदी में मछली बीज उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। शासन हर संभव मदद विभाग के माध्यम से कृषकों को किया जा रहा है। इसके पश्चात जनपद पंचायत लखनपुर मेंअम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा मत्स्य पालन विभाग के सहयोग से 50% अनुदान पर मछली बीज वितरण योजनांतर्गत वि. ख लखनपुर विकासखण्ड के



निजी एवम शासकीय तालाबों में मछली पालन करने वाले 150 कृषकों एवम महिला समूहों को 2.30 लाख फिंगरलिंग मछली बीज वितरण किया गया । इस दौरान राकेश साहू विधायक प्रतिनिधि लुण्ड्रा, सतीश कुमार अहिरवार उपसंचालक मछली पालन, वेद प्रकाश पाण्डेय मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज. पं. लखनपुर, शुभम साहू मत्स्य निरीक्षक लखनपुर एवम समस्त एन आर एल एम टीम उपस्थित रहे।

### योजनाओं की जानकारी रखेंगे तभी उसका सही ढंग से लाभ ले पाएंगे : कलेक्टर

# जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बस्ती में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में 35 आवेदन निराकृत

### विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

### गोद भराई एवं अन्नप्राशन के साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित



**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** गौरेला विकासखंड के सुदुर वनांचल ग्राम पंचायत बस्ती में आज जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 35 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया। शेष आवेदनों को यथाशीघ्र निराकृत करने संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बता रहे हैं। साथ ही विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी रखेंगे तभी उसका सही ढंग से लाभ ले पाएंगे। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से योजनाओं की जानकारी, पात्रता, पंजीयन, आवश्यक दस्तावेज आदि के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकते है तथा शिविर में अपनी समस्याओं मांगों एवं शिकायतों का समाधान करा सकते हैं।

जनपद पंचायत अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा एवं गणमान्य नागरिक बृजलाल सिंह राठौर ने भी शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया और शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने कहा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत चार गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और दो शिशुवती महिलाओं के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, मछली पालन, कृषि विभाग की योजनाओ के तहत आयुष्मान कार्ड, अतिरिक्त पोषण आहार पैकेट, मछली जाल, स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र एवं कीटनाशक दवाईयों का वितरित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### डैम कैपिटल एडवाइजर्स ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

डैम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। डैम कैपिटल वित्त वर्ष 2022 से 2024 तक राजस्व सीएजीआर के हिसाब से भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला निवेश बैंक है। अपने समकक्षों की तुलना में डैम कैपिटल का वित्त वर्ष 2024 में प्रॉफिट मार्जिन सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2024 में आईपीओ और क्यूआईपी की संख्या के आधार पर 12.1त्न बाजार हिस्सेदारी के साथ यह भारत के अग्रणी निवेश बैंकों में से एक था। डीएएम कैपिटल (द्व) निवेश बैंकिंग के क्षेत्रों में इक्विटी कैपिटल मार्केट्स (ईसीएम), विलय और अधिग्रहण (एम एंड ए), निजी इक्विटी (पीई), और संरचित वित्त सलाहकार; और (द्वद्व) ब्रोकिंग और शोध शामिल संस्थागत इक्विटी के क्षेत्रों में वित्तीय समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स - मल्टीपल्स अल्टरनेट एसेट मैनेजमेंट, आरबीएल बैंक, ईज़ी एक्सेस फाइनेंशियल सर्विसेज और नरोत्तम सेखसरिया द्वारा 32.06 मिलियन शेयरों तक की ऑफर फॉर सेल शामिल है। प्रमोटर धर्मेश अनिल मेहता भी अपनी हिस्सेदारी का एक छोटा हिस्सा बेच रहे हैं। नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### स्टार हेल्थ इंश्योरेंस बनी ब्रेल लिपि में बीमा पॉलिसी लॉन्च करने वाली भारत की पहली कंपनी

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (स्टार हेल्थ इंश्योरेंस) ने आज उद्योग में पहली बार ब्रेल लिपि में एक बीमा पॉलिसी लॉन्च करने की घोषणा की। यह पॉलिसी समावेश और सुलभता के प्रति स्टार हेल्थ इंश्योरेंस की प्रतिबद्धता बढ़ाते हुए, यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि दृष्टिबाधित और नेत्रहीन लोगों तक जानकारी की पहुंच हो और अपने स्वास्थ्य तथा वित्त संबंधी मामलों पर स्वतंत्र निर्णय ले सकें। स्टार हेल्थ ने भारत में मौजूद 34 मिलियन दृष्टिबाधित/दृष्टिहीन लोगों को आय सृजन के अवसरों के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विविधता और वित्तीय समावेश अभियान भी शुरू किया है। यह समाज के इस वंचित, हाशिए पर पड़े वर्ग को प्रशिक्षण और कौशल प्रदान कर उन्हें कंपनी के साथ स्वास्थ्य बीमा एजेंट बनने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रक्रिया की खूबसूरती यह है कि यह उन्हें अपनी गति से, अपने परिचित परिवेश में काम करने और अपने जीवन की ज़िम्मेदारी खुद संभालने में मदद करता है।

### लैंसर कंटेनर लाइन्स लिमिटेड ने 10,000 टीईयू (कंटेनर्स) लीज पर देने के लिए इंडोनेशियाई कंपनी के साथ करार किया

**मुंबई :** देश की अग्रणी एकीकृत शिपिंग और लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाताओं में से एक, 'लैंसर कंटेनर लाइन्स लिमिटेड' ने एक प्रमुख इंडोनेशियाई कंपनी, पी.टी.मैप ट्रांस लॉजिस्टिक, सुरबाया, के साथ 10,000 टीईयू (बीस-फुट कंटेनर और चालीस-फुट कंटेनर) लीज पर देने के लिए एक करार किया है। करार पर लैंसर कंटेनर लाइन्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री खालिक चटाईवाला और पी.टी.मैप ट्रांस लॉजिस्टिक, सुरबाया के निदेशक श्री प्रफुल्ल झा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। लैंसर कंटेनर्स लाइन्स लिमिटेड का प्रबंधन इस रणनीतिक करार को लीजिंग गतिविधियों को बढ़ाने में एक कदम के रूप में देखता है जिससे कंपनी को अपने व्यवसाय का विस्तार करने और शेयरधारकों के मूल्य को बढ़ाने में मदद मिलती है। इस करार से कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि इससे कंपनी का समग्र विकास होगा जिसके परिणामस्वरूप कंपनीकी बाजार स्थिति मजबूत होगी। इससे पहले कंपनी ने अगले कुछ वर्षों के लिए अपनी मेगा विस्तार योजनाओं की घोषणा की थी। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 तक अपनी टीईयू (बीस-फुट कंटेनर और चालीस-फुट कंटेनर) क्षमता को वित्त वर्ष 2024 में दर्ज लगभग 20,000 टीईयू से बढ़ाकर 45,000 टीईयू तक करना है और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी हर महीने 200-300 कंटेनरों को शामिल करके अपनी कंटेनर इन्वेंट्री को लगातार बढ़ाने का इरादा रखती है। कंपनी का लक्ष्य पूरी तरह से एकीकृत सेवा प्रदाता बनना है और वह सक्रिय रूप से एक नया जहाज खरीदने के अवसर तलाश रही है। इन उपायों से आने वाले वर्षों में स्वस्थ राजस्व और मार्जिन वृद्धि प्राप्त होने की उम्मीद है।

महापर्व नुआखाई भव्य शोभा यात्रा के समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# उत्कल समाज की ऋषि पंचमी-नुआखाई के दिन की अवकाश की घोषणा

- उत्कल समाज को राजधानी रायपुर में सामाजिक भवन के लिए उपलब्ध करायी जाएगी जमीन
- उत्कल गाड़ा समाज के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने का होगा प्रयास

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के गॉस मेमोरियल मैदान में महापर्व नुआखाई के अवसर पर उत्कल गाड़ा समाज द्वारा आयोजित भव्य शोभा यात्रा के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए ऋषि पंचमी-नुआखाई के दिन उत्कल समाज की बहुलता वाले जिलों में अवकाश की घोषणा की। उन्होंने समाज की मांग पर उत्कल समाज को राजधानी रायपुर में सामाजिक भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने और बूढ़ी मां मंदिर के जीर्णोद्धार की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने समाज को यह भी आश्वस्त किया कि उत्कल गाड़ा समाज के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू, उत्कल समाज के संत श्री उदयनाथ महाराज और श्री गगन बिहारी महाराज, रायपुर नगर निगम महापौर श्री एजाज ढेबर सहित उत्कल गाड़ा समाज के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने उत्कल गाड़ा समाज को नुआखाई की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नुआखाई के पांच दिन पहले ही समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन नुआखाई को लेकर उनके उत्साह और समाज की एकजुटता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति के लिए यह आवश्यक है कि समाज बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। अपने बेटा-बेटियों को पढ़ाएं। युवा पीढ़ी नशा-पान



की सामाजिक बुराई से दूर रहे। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि समाज की उचित मांगों को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओड़िशा हमारा पड़ोसी राज्य है। ओड़िशा के साथ छत्तीसगढ़ का गहरा नाता है। ओड़िशा के साथ हमारा गहरे सामाजिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। नुआखाई उत्कल समाज का प्रमुख त्यौहार है, तो छत्तीसगढ़ में भी नुआखाई का बड़ा महत्व है। आदिवासी समाज भी नई फसल आने पर नुआखाई का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाता है। नुआखाई पर नई फसल घर ले जाकर पूजा-अर्चना की जाती है। इससे चावल और चुड़ा बनाकर अपने ईष्ट देव को अर्पित कर अच्छी फसल, सुख-समृद्धि और सुखमय जीवन की कामना करते हैं। मुख्यमंत्री ने पिछले आठ महीनों में नई सरकार द्वारा मोदी जी की गारंटी को पूरा करने के लिए किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब भी प्रदेश के दौरे पर जाते हैं, तो लोगों का यह कहना रहता है कि राज्य सरकार सांय-सांय काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नई सरकार ने आठ माह में ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा गया। राज्य सरकार ने 24.72 लाख किसानों से 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की। कल तीजा-पोरा पर्व के आयोजन पर 70 लाख से अधिक माता-बहनों के खाते में महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त की एक-एक हजार रूपए की राशि जारी की गई। उन्होंने कहा कि रामलला योजना के अंतर्गत हर आठ-दस दिन में 850 श्रद्धालुओं को शासन के खर्च पर रामलला के दर्शन के लिए भेजा जा रहा है। वनवासी क्षेत्रों में तेन्दूपत्ता की खरीदी 4000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। शराब, कोयला और नान घोटाले की भी जांच हो रही हैं।

# शराब परोसने वाले होटलों-ढाबों पर पुलिस ने की कार्यवाही.........

**रायपुर।** मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में निर्देश दिये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा केशरीनंदन नायक, नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर कर्ण कुमार उइके के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी विधानसभा यशवंत प्रताप सिंह, थाना प्रभारी मंदिरहसौद सचिन सिंह, थाना प्रभारी राखी अजीत सिंह राजपूत एवं थाना प्रभारी आशीष सिंह राजपूत के संयुक्त टीम के द्वारा नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने व निजात अभियान के तहत अवैध रुप से मादक पदार्थ शराब बिक्री करने एंव शराब पिलाने वाले होटलो एवं ढाबा में विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया है। इन होटलों-ढाबों पर की गई कार्यवाही थाना विधानसभा क्षेत्र के 01. होटल रायल केस्टल से आरोपी मैनेजर रविशंकर चक्रधारी पिता कोमलचंद चक्रधारी उम्र 32 वर्ष निवासी हिमालया कोटियार ग्रीन्स थाना टिकरापारा रायपुर के कब्जे से 10 बोतल रायल स्टेज शराब जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। 02. सोसियल ढाबा आमासिवनी से संचालक अरविन्दर पाल सिह पिता स्व0 सरदार थान सिह उम्र 59 वर्ष सा0 महावीर नगर अमलीडीह थाना न्यू राजेन्द्र नगर के कब्जे से 02 बोटल मैकडावल नबंर वन शराब जप्त कर अपराध क्रमांक 489/2024 धारा 34(1)ब आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। 03. यूटर्न होटल के संचालक शक्ति पांडे पिता दयाशंकर पांडे उम्र 31 वर्ष सा. संत कबीर चौक उरकुरा थाना खमतराई रायपुर द्वारा लोगो को शराब पिलाते पाये जाने पर अपराध क्रमांक 490/2024 धारा 36(सी) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। थाना मंदिरहसौद क्षेत्र के 04. पाजी द पिंड ढाबा ग्राम सेरीखेडी के संचालक अंकित जायसवाल पिता राम निवास जायसवाल उम्र 21 वर्ष साकिन सेरीखेडी थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा लोगो को शराब पिलाते पाये जाने पर अपराध क्रमांक 601/2024 धारा 36(सी) आबकारी एक्ट

### सरेआम शराब पीते 11 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस ने फाफाडीह शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी प्रतिक सिंह परिहार 23 वर्ष व अरविंद सिंह 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी रविकुमार सायतोड़े 19 वर्ष, आरंग पुलिस ने आरोपी राकेश गिलहरे 46 वर्ष, राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी रिषभ कुमार ध्रुव 25 वर्ष एवं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी अंकित जायसवाल 21 वर्ष, अमरेश खेमानी 39 वर्ष, दुष्यंत सिंह 34 वर्ष, राज हेमानी 26 वर्ष व राहुल पंजवानी 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी शक्ति पाण्डेय 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

खेल विकास प्राधिकरण का गठन कांग्रेस सरकार में हुए

# खेल अलंकरण के नाम पर झूठा श्रेय लेने की राजनीति-दीपक.....

रायपुर। संवाददाता

खेल अलंकरण समारोह को लेकर छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के दावे पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विष्णुदेव साय की वर्तमान सरकार जिन खिलाड़ियों का सम्मान किया गया है। ये सारे आयोजन पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय हुए, यहां तक कि पुरस्कृत खिलाड़ियों की यह सूची भी पूर्ववर्ती सरकार में ही तैयार हुई थी। विगत 08 महीने की साय सरकार में किसी भी खेल का एक भी आयोजन नहीं हुआ है और न ही नया कोई काम साय सरकार में शुरू कर पाए हैं बल्कि उल्टे खेल एवं युवा कल्याण के बजट में कटौती



कर दी गई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय 2 साल तक कोरोना काल था, जिसके तहत किसी भी तरह के अवार्ड सेरेमनी पर प्रतिबंध लगा था। कोरोना काल के बाद से हर बड़े प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित करने लगातार समारोह आयोजित होते रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गुजरात में आयोजित 36 में राष्ट्रीय खेल में राज्य का गौरव बढ़ाने वाले पदकवीर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और टीम प्रबंधकों का सम्मान 23 जून 2023 को किया गया था जिसमें 16 लाख 35 हजार के पुरस्कार के साथ ही कई तरह की सुविधाओं की घोषणा भी की गई थी। 2018 से 23 के बीच इस तरह के और भी सम्मान समारोह आयोजित हुए छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए अच्छा वातावरण तैयार करने का काम पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने किया था छत्तीसगढ़ में दो आवासीय अकादमी के संचालन के साथ ही 21 अकादमी संचालित किए गए।

# एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने अपनी 1000वीं शाखा की शुरुआत की

**रायपुर :** भारत के गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कं. लि. ने वाशी, नवी मुंबई में अपनी 1000वीं शाखा खोलने की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक घटना देश भर में अपने पदचिन्हों का विस्तार करने और कम पहुंच वाले बाजारों में वित्तीय सेवाएं लाने के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करने के लिए, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने इंडिया पोस्ट के साथ मिलकर एक विशेष कवर और माई स्टैम्प जारी किया है। आधिकारिक अनावरण के अवसर पर मुंबई में जापान के महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत श्री यागी कोजी, महाराष्ट्र सर्किल में डाक सेवाओं (मुख्यालय) के निदेशक श्री अभिजीत बंसोडे और एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के सीईओ और एमडी श्री शांतनु मित्रा उपस्थित थे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विचार करते हुए, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के सीईओ और एमडी श्री शांतनु मित्रा ने कहा, हमारी 1000वीं शाखा का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो पूरे भारत में लोगों को औपचारिक ऋण पहुंच प्रदान करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में उनकी मदद करने के लिए हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि का उत्सव मनाते हुए, हमें डाक विभाग के सहयोग से माई स्टैम्प के साथ एक विशेष कवर जारी करने पर गर्व है, जो कंपनी द्वारा अब तक हासिल की गई वृद्धि और भारत के वित्तीय सेवा क्षेत्र में योगदान के महत्व का प्रतीक है। हमारी यात्रा निरंतर विकास की रही है, हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुकूल होने के साथ ही सभी को वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने और पूर्ण विकास हासिल करने के हमारे मिशन के प्रति निष्ठावान रहे हैं।

### प्री डायबिटीज को नियंत्रित करने के लिए पौष्टिकता से जुड़ी गाइड

**रायपुर।** डॉ. रोहिणी पाटिल, एमबीबीएस एवं आहार विशेषज्ञ ने बताया द लैंसेट में डायबिटीज एंड एंडोक्राइनोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार भारत में 13.6 करोड़ या आबादी का 15.3प्रतिशत हिस्सा प्री-डायबिटीज के साथ जी रहा है। 2017 से लेकर अब तक इसमें काफी ज्यादा वृद्धि हुई है, जब आबादी का लगभग 6-15प्रतिशत प्रीडायबिटिक था। भारत में प्री-डायबिटीज के बढ़ते मामलों के साथ, अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए सक्रिय कदम उठाना बेहद जरूरी है। स्वच्छ, समझदारी भरा भोजन, ब्लड शुगर के स्तर को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है और ये प्री-डायबिटीज को पलट भी सकता है। ब्लड शुगर डायबिटीज में बदले, इससे पहले ही इसे नियंत्रित करने के लिए डॉ. रोहिणी पाटिल, एमबीबीएस और आहार विशेषज्ञ ने अपने भोजन में कुछ जरूरी खाद्य पदार्थों को शामिल करना महत्वपूर्ण बताया है। प्री-डायबिटीज आहार में शामिल होने वाले खाद्य पदार्थ: बादाम में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, सेहतमंद फैट्स और फाइबर होते हैं, ये सभी ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। पिछले वर्ष डॉ. अनूप मिश्रा और डॉ. सीमा गुलाटी के प्रकाशित दो नए अध्ययनों में बताया गया कि अपने आहार में केवल बादाम को शामिल कर लेने से डायबिटीज का बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। इतना ही नहीं अध्ययन किए गए लोगों में लगभग एक तिहाई लोगों में तीन महीने तक ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर से पहले बादाम लेने से प्रीडायबिटीज सामान्य ब्लड शुगर में तब्दील हो गया। डायबिटीज शोधकर्ताओं ने प्री-डायबिटीज से सामान्य ब्लड ग्लूकोज में आने को द होली ग्रेल ऑफ मेडिसिन कहा है। इसलिए, डॉ. पाटिल अपने ब्लड शुगर को स्थिर करने और ओवरईटिंग कम करने के लिए हर रोज मुट्ठीभर बादाम खाने की सलाह देती हैं, चाहे आप इसे स्नैक के रूप में लें या सलाद और दही में मिलाकर खायें। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी और अमरनाथ में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होती है और इनमें फाइबर उच्च मात्रा में होता है। इस वजह से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने के लिए अपने खाने में इनको शामिल करना अच्छा विकल्प है। ये सब्जियां विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर हैं, जिससे पूरी सेहत बेहतर होती है। इनका निम्न ग्लाइसेमिक इंडेक्स इन्हें प्रीडायबिटीज के नियंत्रण के लिए बेहद अहम बनाता है। ग्रीक योगर्ट प्रोटीन और प्रोबायोटिक्स का एक अच्छा स्रोत है, जोकि पेट की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है।


**कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन जिला - कोरिया (छ.ग.)**
Emall ID- adffisherleskorea@gmall.com

क्रमांक/654 / ससमपा/क्रय, निविदा/2024-25 बैकुण्ठपुर, दिनांक 02/09/2024

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन, जिला कोरिया छत्तीसगढ़ की ओर से निर्माताओं, उनके अधिकृत विक्रेताओं से ग्राम पंचायत ओड़गी के झुमका बोट क्लब के पास कैटामरैन एमएस पोटून निर्माण कार्य हेतु द्वितीय मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

नोट: सामग्रियों की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है तथा सामग्रियों के स्पेशिफिकेशन निविदा प्रपत्र के साथ प्रदाय किये जावेगें।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित मात्रा | अनुमानित राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कैटामरैन एमएस पोटून निर्माण कार्य<br>a. Catamaran type made of MS with top Deck offering single platform.<br>b. Plate thiekness 6mm<br>c. Size: Length 15.00 meter. Width 6.00 meter, Depth (MOULDED) 1.6 meter, Draft 0.6 meter<br>d. Bottom plate : 6mm<br>e. Side Shell : 6mm<br>f. Deck plate: 6 mm chequred plate GRP quoted anti-skid | 01 नग | 38.50 लाख | 1.155 लाख |

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से राशि रूपयें 1000/- (एक हजार) कोषालय में मुख्य शीर्ष- 0405 मीनउद्योग 800 अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत कर दिनांक 26.09.2024 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस मे प्राप्त किए जा सकते हैं।

1. निविदा विक्रय की अंतिम तिथि- 26.09.2024 को सायं 05:00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 27.09.2024 को सायं 03:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि- 27.09.2024 को सायं 04:00 बजे से
4. निविदा प्रपत्र विक्रय स्थान कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन बैकुण्ठपुर जिला - कोरिया के जावक शाखा से। 5. निविदा प्रपत्र, निर्धारित शर्तो की समस्त कण्डिकाओं को पालन करने वाले निर्माता / अधिकृत विक्रेता को ही दिया जावेगा। निविदा प्रपत्र में निर्धारित शर्तो का अवलोकन कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन जिला कोरिया में किया जा सकता है। 6. निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक से ही स्वीकार किये जायेगें। 7. निविदा खोलने की तिथि में यदि अवकाश घोषित होता है तो निविदा अगले कार्यालयीन दिवस में खोला जावेगा। 8. अमानत राशि केवल टी.डी.आर. / एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार किया जावेगा। 9. विस्तृत नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ दिया जावेगा।

सहायक संचालक मछली पालन
जिला - कोरिया (छ.ग.)

जी. 242502184/2



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ / स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथि :- 30.08.2024

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग- स.क्रं. 01.02 पत्थलगांव एवं स.क्रं. 3 अम्बिकापुर एवं स.क्रं. 04 से 07 रामानुजगंज संभाग
03. स.क्रं.- स.क्रं. 01,02 "स" वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार, स.क्रं. 03 से 07 "द" वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 23.09.2024

| सरल क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 84 | जिला जशपुर के घोघरा चौक से फरसाटोली मेन रोड तक मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 117.70 |
| 2 | 85 | जिला जशपुर के मेर रोड से सिकीपानी पहूंच मार्ग लंबाई 1.40 कि.मी. का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 127.30 |
| 3 | 86 | उपसंभाग क्रं. 1 अम्बिकापुर अंतर्गत 1. लहपटरा बेलखरिखा मार्ग 6.00 कि.मी. 2. जमगला पहुंच मार्ग 2.00 कि.मी. 3. अमगसी चैनपुर मार्ग 7.20 कि.मी. 4. टपरकेला धनपुरी मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. कुल लंबाई 16.70 कि.मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 27.76 |
| 4 | 87 | उपसंभाग रामानुजगंज जिला बलरामपुर अंतर्गत 1. रामानुजगंज से वाड्रफनगर रोड के कि.मी. 1-6, 9,10,17,20,35,41 - 53,60 लंबाई 24.60 कि.मी. 02. कामेश्वरनगर रामचंद्रपुर लुरगी मार्ग के कि.मी. 11,12,23,32 4.00 कि.मी. 03. स्याही सनावल मार्ग के कि.मी. 1-9,13-18,23-35 = 28.00 कि.मी. 04. चलगली आरागाही मार्ग के कि.मी. 1-18, 24-41 = 36.00 कि.मी. 05 डिन्डो विमलपुर नवाडीह मार्ग के कि.मी. 1-18.60 = 18.60 कि.मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 79.99 |
| 5 | 88 | उपसंभाग कुसमी जिला बलरामपुर अंतर्गत 1. कुसमी करौंधा से झारखण्ड बार्डर मार्ग लंबाई 3.30 कि.मी. 02. निलकंठपुर कटिमा मार्ग (ग्रामीण मार्ग) लंबाई 3.00 कि.मी. 03. लाउ पहुंच मार्ग (ग्रामीण मार्ग) लंबाई 10.60 कि.मी. 04. चांची धंधापुर (ग्रामीण मार्ग) 4.00 कि.मी. 05. गोपालपुर बरबसपुर मार्ग (ग्रामीण मार्ग) लंबाई 1.60 कि.मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य।(प्रथम आमंत्रण) | 79.99 |
| 6 | 89 | उपसंभाग वाड्रफनगर जिला बलरामपुर अंतर्गत पारसवार चलगली (ग्रामीण मार्ग) के कि.मी. 1 से 18 = 18.00 कि.मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य।( प्रथम आमंत्रण) | 79.98 |
| 7 | 90 | उपसंभाग वाड्रफनगर अंतर्गत (राज्य मार्ग, ग्रामीण मार्ग, मुख्य जिला मार्ग अंतर्गत 01. बलंगी से म प्र. बार्डर मार्ग के कि.मी. 01 से 8.20 = 8.20 कि.मी., 02 प्रतापपुर सेमरसोत मार्ग के कि.मी. 13 से 20 एवं 25 से 38 = 22.00 कि.मी. 03. रघुनाथनगर से लंगरी मार्ग के कि.मी. 4.5 से 9.0 = 4.50 कि.मी. 04. धोंधा भगवानपुर चलगली मार्ग के कि.मी. 1 से = 26.00 कि.मी. 05. बसंतपुर लमोरी मुरकोल मार्ग के कि.मी. 1 से 2.75 = 2.75 कि. मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 79.96 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी. 242502181/5

# संपादकीय

## ध्यान वार्ता एवं कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण समाधान

साझा घोषणापत्र में शामिल यह वाक्य अहम है- भारतीय पक्ष ने दोहराया कि ध्यान वार्ता एवं कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण समाधान पर केंद्रित किया जाना चाहिए और इस प्रक्रिया में सभी %हितधारकों' को शामिल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सात घंटों की यूक्रेन यात्रा के दौरान दो स्पष्टीकरण दिए गए। मोदी ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत तटस्थ नहीं है, बल्कि वह हमेशा ही शांति के पक्ष में रहा है। इस बात से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेन्स्की ने क्या संकेत ग्रहण किया, यह स्पष्ट नहीं है। दूसरी सफाई विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जुलाई में मास्को यात्रा के दौरान मोदी के रूसी राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन से गले लगने के बारे में दी। कहा कि ऐसा करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आपकी (यूक्रेन की) संस्कृति में ऐसी परंपरा नहीं होगी, लेकिन हमारी संस्कृति में जब दो लोग मिलते हैं, तो गले लगते हैं। कीव में मोदी जेलेन्स्की के भी गले लगे। इस तरह उन्होंने संतुलन बनाने का संदेश दिया। संभवत- यह संदेश जेलेन्स्की से ज्यादा पश्चिमी राजधानियों के लिए है, जहां मोदी की रूस यात्रा पर तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। वहां उन तस्वीरों से भी तब पैदा हुआ असंतोष कुछ शांत होगा, जिनमें मोदी उन बच्चों के स्मारक पर श्रद्धांजलि देते देखे गए, जिनकी मौत कथित रूप से रूसी हमलों में हुई है। शायद यह एकमात्र ऐसा कदम है, जिससे मास्को में कुछ नकारात्मक प्रभाव पैदा हुआ हो। इसलिए कि यह यूक्रेन के इस दावे पर भारत की मुहर के रूप में देखा जाएगा कि रूस ने बच्चों को निशाना बनाया है। रूस ऐसे दावों का खंडन करता रहा है। वैसे जहां तक साझा घोषणापत्र की बात है, उसमें संतुलन बनाए रखा गया। उसमें शामिल यह वाक्य अहम है- भारतीय पक्ष ने दोहराया कि ध्यान वार्ता एवं कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण समाधान पर केंद्रित किया जाना चाहिए और इस प्रक्रिया में सभी %हितधारकों' को शामिल किया जाना चाहिए। स्पष्टत- यहां जोर रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत से समाधान निकालने पर है। मगर यह अव्यावहारिक फॉर्मूला है। जब तक अमेरिका और नाटो रूस से सीधी बातचीत के लिए तैयार नहीं होते, बात आगे बढने की संभावना कम ही है। फिलहाल तो रूस का रुख और गरम हो गया है। फिलहाल, भारत ने अपने बारे में पश्चिम में बनी गलतफहमियों को दूर करने का ठोस प्रयास किया है।

# हरियाणा में यूपी के दलों की दावेदारी: सत्ता का सपना पूरा होगा या सिर्फ वोट कटवा बनेंगे?

अजय कुमार

हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश की सियासत के प्रभावशाली दल अपनी किस्मत आजमाने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर रहे हैं। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और आजाद समाज पार्टी जैसी प्रमुख पार्टियां हरियाणा की सियासत में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही हैं। इन दलों ने अपनी चुनावी रणनीति जातीय और सामाजिक समीकरणों पर आधारित बनाई है। जहां बसपा और आजाद समाज पार्टी दलित वोटरों को अपना आधार मानकर चुनावी मैदान में उतरी हैं, वहीं समाजवादी पार्टी यादव-मुस्लिम समीकरण का फायदा उठाने की योजना बना रही है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय लोकदल जाट समुदाय के आधार पर हरियाणा में अपनी पहचान को विस्तार देने का प्रयास कर रहा है। इस स्थिति में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ये उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दल हरियाणा की सियासत में प्रभावी हो पाते हैं या सिर्फ वोट कटवा पार्टी बनकर रह जाते हैं।

हरियाणा की राजनीति में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव ने भी यही स्थिति दर्शाई थी। कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा संघर्ष होने के कारण हरियाणा के क्षेत्रीय दलों की स्थिति सियासी हाशिए पर चली गई है। इनेलो और जेजेपी जैसे दलों की सियासी उपस्थिति में काफी कमी आई है। इस परिदृश्य में इन दलों ने दलित आधार वाले दलों के साथ गठबंधन किया है। कांग्रेस बनाम बीजेपी की इस लड़ाई में उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दल किस तरह का प्रदर्शन कर पाएंगे, यह देखने योग्य होगा।

उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने सत्ता में चार बार पहुंचकर अपने प्रभाव का प्रदर्शन किया है, लेकिन हरियाणा में उसकी स्थिति हमेशा कमजोर रही है। इस बार मायावती ने हरियाणा में इनेलो के साथ गठबंधन किया है। इसी तरह, आजाद समाज पार्टी के



प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने दुष्यंत चौटाला की पार्टी जेजेपी के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की कोशिश की है, जबकि राष्ट्रीय लोकदल ने बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की योजना बनाई है।

हरियाणा में बसपा और इनेलो ने जाट-दलित समीकरण को ध्यान में रखकर गठबंधन किया है। इस समझौते के तहत बसपा 34 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी सीटों पर इनेलो अपने प्रत्याशी उतारेगी। 2019 के चुनाव में बसपा हरियाणा में खाता नहीं खोल पाई थी, लेकिन उसे 4.21 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। इनेलो ने पिछले चुनाव में 2.44 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे, जबकि इससे पहले यह आंकड़ा 24 प्रतिशत था। 2024 के लोकसभा चुनाव में इनेलो को 1.74 प्रतिशत और बसपा को 1.28 प्रतिशत वोट मिले थे। बसपा की कमान युवा नेता आकाश आनंद के हाथ में है, और पार्टी अनुसूचित जाति के 21 प्रतिशत मतदाताओं के सहारे हरियाणा में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। बसपा ने 34 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बनाई है, जिसमें उसकी सफलता की चुनौती बनी हुई है। 2024 के चुनाव में जाट और दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर दिखा है, जिससे बसपा के लिए हरियाणा में अपनी स्थिति स्थापित करना मुश्किल हो सकता है। अगर बसपा का वोट शेयर लगातार गिरता रहा, तो पार्टी कहीं वोट कटवा पार्टी न बन जाए, यह चिंता बनी रहती है।

चंद्रशेखर आजाद ने अपनी आजाद समाज पार्टी का राष्ट्रीय विस्तार करने के लिए हरियाणा में जेजेपी के साथ गठबंधन किया है। जेजेपी, जो इनेलो से टूटकर बनी है, ने 2019 में हरियाणा की सियासत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन पिछले पांच वर्षों में उसे अपने सियासी अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। चंद्रशेखर ने जेजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। हरियाणा की 90 सीटों में से जेजेपी 70 और आजाद समाज पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस गठबंधन से जेजेपी को अधिक लाभ की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने यूपी में दलितों के बीच अपनी पहचान बनाई है, लेकिन हरियाणा में उनकी लोकप्रियता सीमित है। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा और उदयभान जैसे दलित चेहरे राज्य में प्रभावी रहे हैं। ऐसे में चंद्रशेखर के लिए जेजेपी के साथ मिलकर हरियाणा में सफलता प्राप्त करना एक चुनौती हो सकती है।

समाजवादी पार्टी ने 2024 में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 37 सीटें जीतकर अपनी ताकत साबित की है। अखिलेश यादव ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने का फैसला किया है। समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनावी मैदान में उतरना चाहती है, लेकिन अभी तक दोनों दलों के बीच कोई ठोस समझौता नहीं हुआ है। कांग्रेस के नेता विधानसभा चुनाव में किसी अन्य दल के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार नहीं हैं।

सपा ने यह भी तय किया है कि अगर कांग्रेस उसे सीट नहीं देती है, तो वह अकेले चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। 2019 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में सपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जहां वह चार सीटों पर लड़ी थी और सभी की जमानतें जब्त हो गई थीं। फिर भी, सपा ने चुनाव लड़ने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है और यादव और मुस्लिम प्रभाव वाली सीटों पर ध्यान केंद्रित किया है। पार्टी की रणनीति यह है कि चाहे सीट मिले या न मिले, लेकिन उसकी पहचान बने और उसे हरियाणा में अपनी स्थिति स्थापित करने में मदद मिले। यह देखना होगा कि सपा इस बार कितना प्रभाव डाल पाती है। राष्ट्रीय लोकदल केंद्र में एनडीए गठबंधन का हिस्सा है और इसके प्रमुख जयंत चौधरी मोदी सरकार की कैबिनेट में हैं। हरियाणा में जाट वोटरों की ताकत को देखते हुए आरएलडी ने विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। जयंत चौधरी के दादा चौधरी चरण सिंह की ससुराल सोनीपत के गांव गढ़ी कुंडल में है और वह खुद जाट समुदाय से आते हैं। राज्य में जाट वोटर लगभग 28 प्रतिशत हैं। आरएलडी की योजना बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की है और उसने पांच सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान बनाया है।

# कश्मीर का अगला मुख्यमंत्री कौन?

अजय दीक्षित

कश्मीर फिलहाल केन्द्र शासित प्रदेश है । देश में इस समय आठ केन्द्र शासित प्रदेश हैं --दिल्ली, चण्डीगढ़, लक्षद्वीप, अण्डमान निकोबार, पांडिचेरी, कश्मीर- जम्मू, लद्दाख और दमन दीप । पहले दमन दीप और दो फ्रेंच कॉलानी अलग-अलग थीं । अब उन्हें मिलाकर एक ही केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया गया है । फिलहाल इन आठ केन्द्र शासित प्रदेशों में दिल्ली और पांडिचेरी में विधानसभाएं हैं । परन्तु वह उपराज्यपाल को ही सारे अधिकार निहित हैं । दिल्ली की खबरें तो रोज अखबारों की सुर्खियां बनती हैं । जब किरण बेदी पांडिचेरी में उपराज्यपाल थीं तो पांडिचेरी की खबरें भी खूब आती थीं । वहां किरण बेदी समानांतर सरकार चला रही थीं । हार कर केन्द्र को किरण बेदी को हटाना पड़ा । आजकल वे एक तरह से राजनीति से सन्यास लिए हुए हैं । दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल और उपराज्यपाल के बीच विवाद चलता रहता है । दिल्ली सरकार के अफसरों पर मुख्यमंत्री का कंट्रोल नहीं है, उपराज्यपाल का है । जब सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यह अधिकार दिया तो केन्द्र सरकार तत्काल अध्यादेश लाकर यह अधिकार उपराज्यपाल को सौंप दिया । एक तरह से केन्द्र का गृह मंत्रालय ही दिल्ली सरकार है । लोग पूछते हैं कि यदि दिल्ली में सरकार उपराज्यपाल है तो शराब नीति को कैसे लागू किया गया जिसमें कमीशन खोरी के आरोप में केजरीवाल जेल में हैं ।

5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री ने 10-30 अपने निवास पर केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई और उसमें कश्मीर में धारा 370 व 35 को समाप्त करना तय किया गया । किसी भी मंत्री को प्रेस से बात करने के लिए मना कर दिया गया । सीधे उन्हें संसद भवन में ले जाया गया और बहुमत से यह प्रस्ताव पारित हो गया ।

पिछले पांच साल से वहां उपराज्यपाल का शासन है । कश्मीर अभी भी फौज के सहारे चल रहा है । प्रतिदिन पाकिस्तानी घुसपैठिए कश्मीर में उपद्रव करते रहते हैं ।

भारतीय जनता पार्टी अभी कश्मीर में चुनाव के पक्ष में नहीं थी । अभी भाजपा की अपनी स्थिति कश्मीर में मजबूत नहीं है । परन्तु सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि 30 सितम्बर तक कश्मीर में चुनाव करा दिये जायें तो अब वहां चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है ।

भाजपा नेशनल कान्फ्रेंस के खिलाफ है । उनके घोषणा पत्र के बहुत से मुद्दों पर गृह मंत्रालय को ऐतराज है । कांग्रेस और नेशनल कान्फ्रेंस के गठजोड़ पर भी अमित शाह सवाल उठा रहे हैं । परन्तु विपक्ष कहता है कि जब फारूक अब्दुल्ला कश्मीर के मुख्यमंत्री थे तो उनके पुत्र उमर अब्दुल्ला अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में विदेश राज्य मंत्री थे । विदेश मंत्रालय बहुत अहम मंत्रालय होता है । यूं भाजपा मेहबूबा मुफ्ती के साथ मिलकर कश्मीर में सरकार बना चुकी है । वह दो बार भाजपा का उपमुख्यमंत्री रहा है । पहली बार मुफ्ती मोहम्मद सईद की सरकार में और फिर मुफ्ती की बेटी मेहबूबा मुफ्ती की सरकार में ।

परन्तु भाजपा अपने दम पर वहां सरकार नहीं बना सकती । गुलाम नबी आजाद को लुभाने की बहुत कोशिश भाजपा ने की भी । राज्यसभा से उनके रिटायरमेंट के समय प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी तारीफ के पुल बांध दिये थे । कहा कि गुलाम नबी आजाद रो रहे थे जब गुजरात के कुछ पर्यटकों को आतंकवादियों ने भून दिया था । तब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे । गुलाम नबी आजाद को पद्म पुरस्कार से भी नवाजा गया ।

10 साल पहले हुए चुनाव में भाजपा ने 25 सीटें जीती थीं । इस बार क्या होता है, देखना है । वैसे कश्मीर में भाजपा का कोई बड़ा जनाधार नहीं हैं । केवल जम्मू में सीटें जीत सकती हैं । लोग यह भी प्रश्न उठा रहे हैं कि लद्दाख में चुनाव क्यों नहीं हो रहे हैं? अभी कश्मीर में लेफ्टिनेंट गवर्नर को और ज्यादा पावर दे दी गई है । तो वहां सरकार का हाल क्या दिल्ली जैसा होना है ? देखें आगे क्या होता है? अच्छा ही होना चाहिए । यही देश हित में है ।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस ने एक बार फिर हमारी प्रशासनिक कमजोरियों को उजागर कर दिया, आखिर ऐसा कबतक?

कमलेश पांडे

दिल्ली निर्भया बलात्कार हत्याकांड के लगभग 12 वर्ष बाद कोलकाता रेप-मर्डर केस की पुनरावृत्ति भारतीय जनतांत्रिक प्रशासनिक व्यवस्था पर गम्भीर सवाल खड़ा करती है। वहीं, इन दोनों मामलों को जरूरत से ज्यादा तूल देने और अन्य समकक्ष घटनाओं की उपेक्षा करने में हमारे राजनेताओं और मीडिया की भूमिका भी संदेह के कठघरे में है! कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल में जिस तरह की राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ी हुई हैं, उससे हर कोई भयभीत नहीं तो चिंतित अवश्य लग रहा है, क्योंकि यह सबकुछ भारत की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले कोलकाता में घट रहा है, जिससे देर-सबेर हमारी संस्कृति भी अछूती नहीं बचेगी।

लिहाजा, सुलगता हुआ सवाल यह है कि आखिर में ऐसी बदसूरत घटनाएं कब तक थमेंगी? और यदि नहीं रुकेंगी तो फिर समकालीन संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की जरूरत ही क्या है? क्योंकि यह व्यवस्था सबके वेतन-भत्ते की गारंटी तो देता है, लेकिन किसी भी बड़ी या छोटी लापरवाही के बाद जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय नहीं करता है! यही वजह है कि सत्ताधारी वर्ग मजे में रहता है और जनता बिल्कुल अनाथ की मानिंद। इसलिए अकसर यह सवाल जेहन में उठता है कि आखिर में क्यों नहीं उस वैकल्पिक प्रशासनिक व्यवस्था पर विचार किया जाए, जहां इस तरह के जघन्य अपराध करने की हिमाकत ही कोई कर नहीं पाए। क्या यह संभव है? नई विश्व व्यवस्था के नजरिए से कतई असंभव नहीं है।

आपने देखा होगा कि एक ओर तृणमूल कांग्रेस नेत्री और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कह चुकी हैं कि पश्चिम बंगाल में आग लगाने की साज़िश हो रही है। अगर पश्चिम बंगाल जलेगा तो असम, पूर्वोत्तर राज्य, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। वहीं, दूसरी ओर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का बयान आया है कि चिंतित हूँ और डरी हुई हूँ। इससे इस मामले की गम्भीरता और ज्यादा बढ़ चुकी है। सबको अंदेशा है कि पश्चिम बंगाल की नाजुक परिस्थितियों के मद्देनजर वहां पर कभी भी राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है, जो जरूरी भी है, वहां के निरन्तर घट रहे घटनाओं के मद्देनजर। विरोध-प्रदर्शन, बंद और हिंसा की घटनाओं के बीच प्रदेश के राज्यपाल सीवी आनंद बोस जब दिल्ली के लिए रवाना हो गए, तो इससे इन अटकलों को और अधिक बल मिला है। बता दें कि गत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार और वरिष्ठ नेताओं ने राज्यपाल से मुलाक़ात कर एक ज्ञापन सौंपा था और उनसे 'अनुरोध' किया था कि वह पश्चिम बंगाल में 'संवैधानिक मूल्यों की रक्षा' करें। इससे पहले गत 27 अगस्त को राज्यपाल ने भी एक बयान जारी कर 'पश्चिम बंग छात्र समाज' के बुलाए गए 'नबन्ना मार्च' (सचिवालय पर प्रदर्शन) के दौरान हुई हिंसा को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की थी।

लिहाजा, यहां पर एक और सुलगता हुआ सवाल उठता है कि क्या दिल्ली की जमी-जमाई मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को निर्भया कांड की आड़ में 'निपटाने' योग्य माहौल बनाने के बाद अब बंगाल की जमी-जमाई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी कोलकाता दुष्कर्म हत्याकांड के बहाने 'निपटाने' योग्य माहौल बनाने की जिम्मेदारी कतिपय लोगों ने ले ली है, जैसा कि मीडिया के माहौल को देखकर प्रतीत हो रहा है। या फिर यह सब एक लोकतांत्रिक दस्तूर बन चुका है, जो किसी भी घटना के बाद नजर आता है।



आखिर यह कौन नहीं जानता कि देश में चल रहे तमाम तरह के संगठित अपराधों को सत्ताधारी दल और प्रशासनिक महकमे के असरदार लॉबी का परोक्ष शह प्राप्त होता है, जिसकी कड़ी से जुड़े लोग यदा-कदा जघन्य से जघन्य अपराध करने तक से भी कोई गुरेज नहीं करते। इस पूरे प्रकरण में डॉ घोष की चर्चित भूमिका के दृष्टिगत यहां भी कुछ ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। इसलिए पुन: यही बात उठी है कि लोकतंत्र और बहुमत जुगाड़ के नाम पर हमारे सत्ताधारी नेता ऐसे तत्वों के खिलाफ आखिर कबतक अपने मुंह बन्द रखेंगे? क्योंकि जब वो विपक्ष में होते हैं तो ऐसे तत्वों के खिलाफ खूब बोलते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हें सांप सूंघ जाता है और ऐसे तत्वों के खिलाफ खामोशी की चादर ओढ़ लेते हैं। इसलिए अब एक ऐसी पारदर्शी व्यवस्था की जरूरत है जहां लोकतंत्र और बहुमत के जुगाड़ के खातिर कोई भी सियासी या सामाजिक व्यक्ति गलत को नजरअंदाज करने की हिमाकत ही नहीं कर पाए और यदि करे भी तो उसकी भारी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहे। ऐसी व्यवस्था अभी तो सम्भव प्रतीत नहीं होती!

वहीं, पश्चिम बंगाल की राजनीति पर नज़र रखने वाले बताते हैं कि मुख्यमंत्री के हालिया अटपटे बयानों से यह प्रतीत हो रहा है कि आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और हत्या की घटना के बाद आम लोगों में पनपे आक्रोश से ममता बनर्जी दबाव में हैं। उन्हें इतने दबाव में पहली बार देखा जा रहा है। वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जिन्हें लगता है कि वह इससे जल्द ही उबर जाएंगी। ये सही है कि ये पहली बार नहीं है, जब ममता बनर्जी को आंदोलन का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन वो मानते हैं कि इस बार वो दबाव में इसलिए दिख रही हैं क्योंकि आम लोगों के बीच उनके शासन चलाने के तरीक़े की आलोचना हो रही है।

खासकर महिलाओं के ख़िलाफ़ अपराध को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार का ये रिकॉर्ड नहीं रहा है कि उसने किसी पीड़िता को इंसाफ़ दिलवाया हो या फिर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों को कभी क़ानूनी शिकंजे में जकड़ा हो। इसलिए आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद आम लोगों और ख़ास तौर पर आम महिलाओं का ग़ुस्सा फूट पड़ा, जिसका तृणमूल कांग्रेस के बड़े नेताओं, राज्य सरकार या ख़ुद ममता बनर्जी को अंदाज़ा नहीं था।

बताया गया है कि जिस तरह से कोलकाता पुलिस की भूमिका इस मामले को लेकर रही, जैसे एफ़आईआर दर्ज करने में देरी, पीड़िता के माता-पिता को ग़लत जानकारी दिया जाना या फिर घटना में 'सिविल वॉलंटियर' का शामिल होना-ये सब लोगों के ग़ुस्से को बढ़ाता रहा। कई चीज़ें एक साथ हुईं। जैसे मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और अन्य वरिष्ठ प्रशासकों की भूमिका। फिर अभियुक्त संजय राय पुलिस का ही हिस्सा है, बतौर एक सिविल वॉलंटियर। फिर 14 और 15 अगस्त की दरमियानी रात में आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में विरोध कर रहे जूनियर डॉक्टरों पर जो भीड़ का हमला हुआ, उससे कोलकाता पुलिस की छवि तो ख़राब हुई ही साथ ही पश्चिम बंगाल सरकार भी आम लोगों के सवालों के घेरे में आ गई। एक ओर कोलकाता रेप-मर्डर केस के बाद भाजपा सड़कों पर है तो इस मामले पर ममता की पार्टी में बाग़ी रुख़ के बीच अभिषेक बनर्जी की चुप्पी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कोलकाता में ममता सरकार के ख़िलाफ़ विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। पीड़िता के परिवार और जूनियर डॉक्टरों के आक्रोश के बावजूद आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष पर प्रशासनिक कार्रवाई ना करते हुए, उनको कोलकाता नेशनल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का प्रिंसिपल बना दिया गया। वो भी तब जब उनके ख़िलाफ़ 'प्रशासनिक अनियमितताओं' के आरोपों की लिखित शिकायत राज्य सरकार के पास मौजूद थी।

यही वजह है कि पश्चिम बंगाल सरकार के रुख़ को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी तल्ख टिप्पणियां कीं। इससे लोगों के बीच राज्य सरकार और ममता बनर्जी को लेकर आक्रोश भड़क गया। ऐसा पहली बार भी हुआ है कि आम लोगों के साथ-साथ, अलग-अलग ही सही, सभी विपक्षी दल, जैसे कांग्रेस और वाम दलों ने भी ममता बनर्जी के ख़िलाफ़ इस घटना के बाद मोर्चा संभाला। दरअसल प्रशासन के ख़िलाफ़ लोगों का जो ग़ुस्सा फूट पड़ा, वह सिर्फ़ एक घटना की वजह से नहीं है बल्कि कई मुद्दे हैं, जिनको लेकर लोगों में आक्रोश पहले से ही पनप रहा था।

जानकार बताते हैं कि पार्टी के अंदर ही अभिषेक बनर्जी ने कई बार यह मुद्दा उठाया कि राज्य प्रशासन ठीक से काम नहीं कर रहा है। प्रशासन जिस तरह से चल रहा है, उसको लेकर भी लोगों में पहले से ही ग़ुस्सा था। जैसे जन प्रतिनिधियों की थाना प्रभारियों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के सामने कुछ चलती ही नहीं थी।वैसे देखा जाए तो पश्चिम बंगाल में लोगों का राजनीतिक दलों पर से ही भरोसा कम होता जा रहा है। क्योंकि किसी भी राजनीतिक दल के नेताओं की भाषा अगर आप सुनें तो एक तरह से उकसाने वाली भाषा बोलते हैं। पहले ये आरोप वाम दलों पर लगते थे मगर अब तृणमूल कांग्रेस, बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं पर भी इसी तरह के आरोप लग रहे हैं। इसलिए वो ग़ुस्सा आम लोगों में पनप तो रहा था, लेकिन आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद लोगों के सब्र का बांध टूट गया।


वहीं, जानकार कहते हैं कि जिस तरह का दबाव ममता बनर्जी पर पिछले एक-दो दिनों में बन गया है, उससे बाहर निकलने के लिए वह आक्रामक तेवर भी दिखा रही हैं। जिस तरह राज्य सरकार ने भारत बंद के दौरान गिरफ्तारियां की हैं या फिर 'पश्चिम बंग छात्र समाज' के 'नबन्ना मार्च' (सचिवालय मार्च) करने वालों पर क़ानूनी कार्रवाई की है, उससे वह फिर से चीज़ों को अपने हाथों में लेने की कोशिश कर रही हैं।

तृणमूल कांग्रेस के नेता तो यहां तक कहते हैं कि हाल ही में लोकसभा के चुनावों में बीजेपी को मुंह की खानी पड़ी थी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को हराने के लिए हर हथकंडा अपनाया था, परन्तु जनता ने उन्हें नकार दिया इसलिए अब आर.जी. कर की घटना को लेकर बीजेपी अपनी राजनीति फिर से चमकाने की कोशिश कर रही है। वह राज्य में हिंसा और अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही है। इस मामले में राज्य सरकार ने घटना के फौरन बाद कार्रवाई की और एक अभियुक्त को कुछ ही घंटों में पकड़ लिया। इसके बाद मामला सीबीआई के पास चला गया है, तो सवाल उन पर उठता है कि उन्होंने इतने दिनों में जांच में क्या प्रगति की है? भाजपा के लोग इस घटना को लेकर राज्य को अशांत करने की साज़िश कर रहे हैं, जिसका ममता बनर्जी ने भांडा फोड़ा है। तृणमूल नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार और ख़ास तौर पर बीजेपी पश्चिम बंगाल को 'राज्यपाल के ज़रिए अस्थिर करने की कोशिश' कर रही है। इससे पहले भी संदेशखाली को लेकर बीजेपी ने पश्चिम बंगाल सरकार के ख़िलाफ़ माहौल बनाने की कोशिश की थी।

वहीं, दूसरी ओर विपक्ष का ममता सरकार पर आरोप है कि पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने ही पैदा किया है। जैसे सामंतवादी व्यवस्था हुआ करती थी, ठीक उसी तरह से सरकार चलाई जा रही है। सभी क़ानून ताक पर रख दिए गए हैं। उदाहरण स्वरूप, अब सिविल वॉलंटियर की भूमिका को ही ले लीजिए। ये कौन हैं? ये कैसे नियुक्त हुए? ये पुलिस के साथ बिना किसी प्रशिक्षण के कैसे काम कर रहे हैं? जबकि इन्हीं में से एक सिविल वॉलंटियर आर. जी, कर मेडिकल कॉलेज की घटना का अभियुक्त है। इससे प्रतीत हो रहा है कि ये सब तृणमूल कांग्रेस के कैडर के हैं जो आम लोगों का दोहन करते हैं। जबकि भाजपा के लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं, तो हमलोग अराजक कैसे हुए? यह सरकार अपनी नाकामियों की वजह से घिर गई है। कोलकाता पुलिस ने जिस तरह से मामले को लेकर रुख़ अपनाया था, उसको लेकर सुप्रीम कोर्ट तक से उसे फटकार मिल चुकी है। वहीं, अब सीबीआई सही काम कर रही है? पीड़िता को इंसाफ़ हमारा उद्देश्य है।

खैर, इस वाकया से इतना तो स्पष्ट हो गया है कि दिल्ली महानगर के निर्भया कांड की दर्दनाक और लोमहर्षक त्रासदी से भी हमारे अन्य महानगरों ने कोई सीख नहीं ली, अन्यथा उसी तरह के एक और कांड की पुनरावृत्ति कदापि नहीं हुई होती। ऐसा नहीं है कि मुम्बई या चेन्नई जैसे महानगरों और अन्य शहरों में ऐसी छिटपुट वारदातें नहीं हुई होंगी या नहीं होती होंगी, लेकिन उन्हें मीडिया में कितनी तवज्जो मिलती है, जगजाहिर सा है। सवाल है कि डॉक्टर कोलकाता रेप केस जैसे महिला सुरक्षा के मामले में कहां चूक होती है और उसका क्या है सार्थक समाधान?

# पहला सूर्य मन्दिर उड़ीसा के कोणार्क में दुसरा बुंदेलखंड में तथा तीसरा सूर्य मन्दिर पाकिस्तान के कालपी में हैं



**चांपा(संवाददाता)।** भगवान भुवन भास्कर यानी कि सूर्यदेव । सूर्यदेव का अद्भुत मंदिर एक ओर उड़ीसा राज्य के कोणार्क में स्थित हैं तो वही दूसरा पाकिस्तान के मुल्तान में और तीसरा सूर्य मंदिर कालपी में हैं । बुंदेलखंड क्षेत्र की तपोभूमि कालपी उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में पड़ता हैं , यहां के मदरा लालपुर गांव में यमुना नदी के किनारे स्थित सैकड़ों साल पुराने सूर्य मंदिर की हूबहू बनावट कोणार्क के सूर्य मंदिर जैसी हैं । मंदिर स्थापना कृष्ण के पौत्र साम्ब ने किया था । पौराणिक मान्यताएं हैं कि भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र साम्ब ने इस मंदिर की स्थापना की थी । मंदिर के पास ही सूरज कुंड भी हैं । महान ज्योतिषाचार्य वाराह मिहिर ने यहीं पर विश्व प्रसिद्ध सूर्य सिद्धांत का प्रतिपादन किया था । आस्था और विश्वास ! प्रत्येक रविवार को क्षय रोगी स्नान करने आते हैं , शारीरिक ब्याधि दूर होता हैं । महीने के प्रत्येक रविवार को यहां बड़ी संख्या में क्षय रोगी स्नान करते हैं और भगवान भुवन भास्कर को जल , दूध , दही घी और शहद अर्पित करते हैं । मान्यता हैं कि रविवार को सूर्य उपासना से यहां आये कुष्ठ रोगियों का कल्याण और शारीरिक ब्याधि दूर हो जाता हैं हैं । कहा जाता हैं कि दुर्वासा ऋषि ने कुष्ठ रोगी होने का श्राप दे दिया था । धार्मिक और आध्यात्मिक शास्त्रों के मुताबिक़ भगवान श्री कृष्ण के पुत्र साम्ब ने द्वारकापुरी में आए रुद्र अवतार ऋषि दुर्वासा के रूप व दुबले-पतले शरीर को देख उनकी नकल करने लगे । अपमानित दुर्वासा मुनि ने साम्ब को कुष्ठ रोगी होने का शाप दिया । भविष्य पुराण के अनुसार, इस श्राप से मुक्ति के लिए भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र साम्ब ने यमुना नदी के किनारे सूर्य उपासना की थी । कन्नौज के इतिहास पर आधारित पुस्तक ' कान्यकुब्ज महात्म्य ' में भी यह बात वर्णित हैं कि ऋषि दुर्वासा के शाप के कारण साम्ब कुष्ठ रोगी हो गए थे । देवताओं की सलाह पर कन्नौज राज्य के मकरंज नगर में स्थित सूर्य कुंड में स्नान कर साम्ब को शाप से मुक्ति मिली थी। उनका शरीर पूरी तरह निरोग हो गया था । शाप से मुक्ति के बाद राजा साम्ब ने यमुना नदी के तट पर काल प्रिय नाथ सूर्यदेव का मंदिर बनवाया था । इसके बाद नगर का नाम काल प्रिय पड़ा , जो कि बाद में कालपी के नाम से जाना जाने लगा । उन दिनों कन्नौज राज्य की दक्षिणी सीमा कालपी तक फैली थी । नागर शैली में बना हैं यह अद्भुत सूर्य मंदिर । कालपी का यह सूर्य मंदिर चूने और लाल पत्थर से बना हैं । इसके बनावट की शैली नागर शैली हैं । मंदिर के नाम पर अब यहां सिर्फ कुछ सूर्य मठिया ही बची हैं । पहले यहां भगवान सूर्य की प्रतिमा थी । बुंदेलखंड के इतिहासविद डॉ. चित्रगुप्त कहते हैं कि कालांतर में यमुना नदी में आई बाढ़ के चलते प्रतिमा बह गई हों या फिर संभव हो कि मुस्लिम शासकों द्वारा मंदिर को क्षति पहुंचाई गई हो । धरती का बैकुंठ हैं जगन्नाथ मंदिर और सबकी आस्था है आज़ भी कोर्णाक पर । प्राचीनकाल से ही ऐतिहासिक , धार्मिक ,आध्यात्मिक और पुरातात्विक मान्यताओं से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ की निकटवर्ती सीमा पर लगे हुए तीर्थस्थल जगन्नाथ पुरी की अलग मान्यता हैं । जगन्नाथ पुरी और कोर्णाक मंदिर से लौटे दंपत्ति शशिभूषण सोनी तथा उनकी अर्द्धांगिनी श्रीमति शशिप्रभा सोनी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में समुद्र के तट पर जगन्नाथ पुरी एक पवित्र धाम हैं । यह चार धामों में से एक हैं अन्यान्य तीन धाम हैं बद्रीनाथ रामेश्वरम् और द्वारिकापुरी ।जगन्नाथ मंदिर काम्प्लेक्स दस एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ हैं । मुर्तियां नीम के वृक्ष से निर्मित हैं । जगन्नाथ जी के नेत्र वृताकार, बलभद्र और सुभद्रा जी की अंडाकार आकृति हैं।

प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को रथयात्रा पुरी से ही निकलती हैं । तीनों प्रतिमाओं को सुसज्जित कर बिल्कुल नए वेशभूषा, गाजे-बाजे के साथ जयघोष करते हुए निकाली जाती हैं । इसी तरह की मान्यता कोर्णाक मंदिर पर भी हैं ।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

## स्कूली छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने में प्रगति लाने के दिए निर्देश

- **पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के किसानों का शत-प्रतिशत कराएं पंजीयन - कलेक्टर**
- **समय सीमा के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश**





**जांजगीर-चांपा(संवाददाता)।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान योजना के तहत किसानों के ई-केवायसी करने में प्रगति लाने व लक्ष्य निर्धारित कर शेष ई-केवायसी पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पीएम किसान योजना में नए किसानों का शत प्रतिशत पंजीयन करने कहा। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल अंतर्गत जाति प्रमाण पत्र रिपोर्ट प्रगति की समीक्षा करते हुए जाति प्रमाण पत्र बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को समन्वय कर जाति प्रमाण पत्र बनाने में आवश्यक दस्तावेजों को पूर्ण कर प्रगति लाने कहा। कलेक्टर ने सभी सीएमओ, तहसीलदारों को राशन कार्ड की ई-केवाईसी कराने हेतु मुनादी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास निर्माण प्रगति, घर-घर कचरा कलेक्शन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, सेग्रिगेशन शेड, सामुदायिक शौचालय निर्माण, की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा श्रमिकों का पंजीयन की जानकारी लेते हुए सभी जनपद सीईओ को छुटे हुए श्रमिकों का पंजीयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर छिकारा ने जनदर्शन के माध्यम से राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व से जुड़े आवेदनों का गंभीरता तथा संवेदनशीलता के साथ जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरण, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत में प्राप्त आवेदनों का समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही बैठक में, जाति प्रमाण पत्र, पीएम आवास, जल-जीवन मिशन, अग्निवीर, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न अन्य विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, सर्व एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# आनंद हास्य योग केन्द्र मे जन्मदिन मनाया गया



**भरत ठाकुर- बिलासपुर।** दिनांक 03/09/24 को आनंद लापटर कलब की पूर्व अध्यक्ष एंव कलब की सासकृतिक सचिव का अवतण दिवस उद्यान के सभी लापटर कलब के सदस्यों की उपस्थिती मे हर्षोल्लास से मनाया गया। कलब के अध्यक्ष अरविंद कोनहेर जी ने बताया इसी कलब के सदस्यों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है। उद्यान के सभी कलब के पदाधिकारी एंव सदस्यों द्वारा मती वर्षा मेडम को शुभकामनाएं एंव बधाई दी। उपरोक्त कलब के कार्यक्रम मे निम्न सदस्य गण उपस्थित रहेः- छेदीलाल सराफ नंदलाल बजाज नरेन्द्र अग्रवाल मुरली मनोहर साहू गुरूजी आर एन शर्मा धनसिह ठाकुरविजय तिवारी कुलदीप गंभीर शैलेन्द्र तिवारी विजय सोमावारकृषणा शर्मा भरत ठाकुरसुरेश सराफ गुनाराम ओर महिला विंग मे नैना ठाकुर संतोष सराफ अंजुअग्रवाल पूणिर्मा कोनहेर कमला पंसारी सविता अग्रवाल मीना सोमावार शालिनी गुप्ता नीशा केशरवानी संध्या जोशी सुजाताआदि अनय कलब के सदस्य गण उपस्थित होकर उक्त कार्यक्रम का लुप्त उठाए।

# कलेक्टर आकाश छिकारा ने उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अभियान अंतर्गत समग्र प्रगति पत्र लॉन्च किया

## 10वीं-12वीं के छात्रों की प्रगति का होगा मूल्यांकन



**जांजगीर-चांपा(संवाददाता)।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अभियान अंतर्गत कक्षा 10वीं और 12वीं के शासकीय शालाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए समग्र प्रगति पत्र लॉन्च किया। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार एवं छ.ग. राज्य के मेरिट में जांजगीर-चांपा जिला का स्थान सुनिश्चित करने के लिए एवं बेहतर परिणाम के लिए कक्षा 10 वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का समग्र प्रगति पत्रक बनाया जाएगा। समग्र प्रगति पत्र के माध्यम से उनकी पढ़ाई में प्रगति को जैसे स्कूल में उपस्थिति, मासिक परीक्षा, त्रैमासिक परीक्षा, प्री बोर्ड परीक्षा इत्यादि को मॉनिटर किया जाएगा। इसके माध्यम से अभिभावक गण अपने बच्चों के शिक्षा में ज्यादा रुचि लेकर अपने बच्चों की पढ़ाई में योगदान दे पायेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आज समग्र प्रगति पत्र 20 हजार प्रति जिले के सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों को भेजी जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

# उल्लास नवभारत साक्षरता रथ को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जांजगीर-चांपा(संवाददाता)।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से उल्लास साक्षरता रथ को आज हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल एवं सतत् शिक्षा पर केंद्रित यह रथ जिले में घूम-घूम कर जन समुदाय को साक्षरता के लिए जागरूक करेगा। उल्लेखनीय है कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शासकीय, निजी विद्यालयों में शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, मती विजया सिंह राठौर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच में हुई नई नियुक्तियां, रीना गेवाडीन बनी प्रदेश महामंत्री



**जांजगीर चांपा(संवाददाता)।** सक्ति की ऊर्जावान सक्रिय सामाजिक तथा राजनीतिक कार्यकर्ता मती रीना गेवाडिन लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहती है ऐसी सक्रियता की वजह से उन्हें संगठन में हमेशा बड़ी जिम्मेदारियां मिलती रही है इसी क्रम में उन्हे छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच की महिला विंग का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है । मंच के प्रदेश संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर, हरिव्लभ जी अग्रवाल रायपुर की स्वीकृति से महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष मती संध्या अग्रवाल रायपुर एवं मंच के प्रांतीय महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर द्वारा निम्नांकित पदाधिकारीयो को नई जिम्मेदारियां दी गई है, मती प्रीति अग्रवाल रायपुर- महिला विंग प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष,मती रीना नरेश गेवाडीन सकती- महिला विंग प्रदेश महामंत्री, सीमा जाजोदिया बिलासपुर-महिला विंग प्रदेश उपाध्यक्ष, रीना अग्रवाल बसना- महिला विंग प्रदेश उपाध्यक्ष, मती सुनीता मोदी नैला जांजगीर- महिला विंग जांजगीर चांपा जिला अध्यक्ष, रितु पवन अग्रवाल शक्ति- महिला विंग शक्ति जिला अध्यक्ष, सीमा अग्रवाल अंबिकापुर-महिला विंग अंबिकापुर जिला अध्यक्ष , राजकुमार अग्रवाल रायपुर- युवा मंच प्रदेश उपाध्यक्ष, अक्षत अग्रवाल राजनंदगांव- युवा मंच राजनांदगांव जिला अध्यक्ष, वीर अग्रवाल राजनांदगांव-युवा मंच राजनांदगांव जिला महामंत्री, वंदना अग्रवाल रायपुर- महिला विंग रायपुर जिला अध्यक्ष, संध्या अग्रवाल बिलासपुर- महिला विंग बिलासपुर जिला अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल पेंड्रा- महिला विंग गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला अध्यक्ष, विनोद अग्रवाल तरा पाटन- सेल्फी विद अग्र वृक्षारोपण प्रदेश प्रभारी ,क्षेत्र के सभी सदस्यों ने नव मनोनीत समस्त पदाधिकारीयो को दी ह्य बधाई ।

# श्रीमद्भागवत कथा महापुराण आरंभ से पहले कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा के दिव्य पल की दिव्यातिदिव्य झलकियां देखने लायक हैं



**जांजगीर-चांपा(संवाददाता)।** संसार में मद्भागवत कथा महापुराण भक्ति के प्रवाह को आगे बढ़ाने वाला दिव्य ग्रंथ हैं । जिस तरह राजा के सिर पर मुकुट होता हैं ठीक उसी तरह से मद् शब्द ही भागवत का मुकुट हैं। महर्षि वेदव्यास ने अपने पुत्र शुकदेव मुनि को भागवत का ज्ञान बाल्यावस्था में दिया वो इसलिए कि वह उनके ही कुल के पुत्र थे और गर्भकाल से ही भक्ति ज्ञान और वैराग्य के प्रकांड विद्वान बन गए । भागवत कथा श्रवण के लिए हर श्रद्धालु भक्तों के हृदय में श्रद्धा और सरलता होनी चाहिए, कथा महात्म्य सुनने जिज्ञासा होनी चाहिए और सबसे बड़ी बात कथा को ग्रहण करने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए । यह बातें स्वर्गीय श्यामा देवी के वार्षिक श्राद्ध निमित्त सप्त-दिवसीय मद्भागवत कथा महात्म्य के प्रथम दिन जय श्याम भवन तुष्मा रोड़ शिवरीनारायण में कलश यात्रा के बाद व्यासपीठ की आसंदी से सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित नवीन चंद्र शर्मा ने कही । कथा स्थल पर प्रगतिशील स्वर्ण एवं रजत समिति चांपा के शशिभूषण सोनी ने बताया कि श्याम भवन शिवरीनारायण में भगवान कृष्ण की यह सप्त-दिवसीय कथा दिनांक 28 अगस्त 2024 से 05 सितम्बर 2024 तक चलेगी । इसका प्रसारण यूं ट्यूब द्वारा किया जा रहा हैं । इससे जुड़े और प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करें । कथा मे मुख्य यजमान दंपत्ति मति मीना-मोहन सोनी हैं । बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त श्याम भवन में कथा महात्म्य श्रवण करने उमड़ रहे हैं ।

# जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य ने बताई अपनी समस्याएं कलेक्टर आकाश छिकारा ने त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश

## जनदर्शन में कुल 115 आवेदन हुए प्राप्त



**जांजगीर-चांपा(संवाददाता)।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में तहसील मुख्यालय चांपा निवासी राजीव जायसवाल द्वारा रिकार्ड दुरुस्तीकरण करने एवं नक्शा व ऋण पुस्तिका प्रदान करने, तहसील बलौदा के ग्राम औराई खुर्द निवासी गणेश राम द्वारा अंत्योदय राशन कार्ड बनाने, ग्राम जर्वे ब बगडबरी निवासी मती सविता यादव द्वारा रोजगार दिलाने, ग्राम पहरिया निवासी यज्ञ चौहान द्वारा पीएम आवास दिलाने, तहसील चांपा के ग्राम जगदल्ला निवासी मती जीतन बाई द्वारा आर्थिक सहायता एवं रोजगार दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

## विद्या भारती मध्य क्षेत्रीय जूडो, कुरास, ताइक्वांडो एवं कराते खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम में हुए शामिल

# शिक्षा के साथ ही खेलकूद से निखरती है प्रतिभा : प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी





**जांजगीर-चांपा(संवाददाता)।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ पी चौधरी आज चांपा के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विद्या भारती मध्य क्षेत्रीय जूडो, कुरास, ताईक्वाडो एवं कराते खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। समापन कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा भारत माता एवं सरस्वती माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री चौधरी ने सभी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों से कहा कि आप अपने जिंदगी के महत्वपूर्ण चरण में है। जीवन की इस चरण के महत्व को समझें और इसका उपयोग सही दिशा में करें। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों का सही उपयोग करेंगे तो आप जो हासिल करना चाहते हैं वो हासिल कर सकते हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में आप अपने व्यक्तित्व संस्कार एवं लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ ही खेलकूद से प्रतिभा निखरती है, साथ ही विभिन्न आयोजनों से प्रतिभा को मंच मिलता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अभी से लक्ष्य निर्धारित करने, लक्ष्य के अनुसार अपने में गुणवत्ता विकसित करने की बात कही। साथ ही लक्ष्य प्राप्ति के लिए रणनीति बनाकर लगातर लक्ष्य प्राप्ति तक प्रयासरत रहें। इसके साथ ही उन्होंने अपने जीवन के अनुभव को साझा भी किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों एवं आयोजको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित विद्याभारती मध्य क्षेत्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इसके साथ ही अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में विद्यालाय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व संस्कृति एवं देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम उपरांत प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, एसपी ने सभी विजेताओं खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास नारायण कश्यप, पूर्व विधायक अम्बेश जांगड़े, कलेक्टर आकाश छिकारा, एसपी विवेक शुक्ला, देवनारायण साहू, चन्द्रशेखर देवांगन, डॉ शांतिकुमार सोनी, गुलाब सिंह चंदेल, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, इंजी. रवि पाण्डेय, कमल देवांगन, प्रदीप नामदेव, सलीम मेमन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्कूल के प्राचार्य, अध्यापक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 'छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रतनपुर' पुस्तिका का किया विमोचन



**बिलासपुर(संवाददाता)।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर के सिविल लाइन स्थित अपने निवास पर राज्य के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल महामाया धाम रतनपुर पर आधारित पुस्तिका 'छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रतनपुर' का विमोचन किया। उन्होंने पुस्तिका का विमोचन करते हुए कहा कि इसमें रतनपुर के सभी मंदिरों, तालाबों और सांस्कृतिक विरासतों की जानकारी दी गई है, जो बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों के लिए मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने रतनपुर के तीर्थ स्थल और पर्यटन स्थल के रूप में प्रचार-प्रसार के लिए भी इसे उपयोगी बताया। विमोचन के दौरान पुस्तिका के लेखक बलराम पाण्डेय सहित कन्हैया यादव, रविंद्र दुबे, संतोष तिवारी, तीरथ यादव, बबलू कश्यप तथा बिलासपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारी सर्व संजय सोनी, वासित अली एवं ताहिर अली भी मौजूद थे।

# सिंगल युज प्लास्टिक पर बड़ी कार्रवाई, 85 दुकानदानों से सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की, 32,500 वसूला अर्थ दंड

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई द्वारा लगातार सिंगल युज प्लास्टिक पर बड़ी कार्रवाई की जा रही है इसी के अंतर्गत पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली अपने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ धावा बोल दिए। बार-बार समझाईस देने के बाद भी, व्यापारी सिंगल युज प्लास्टिक बेच रहे थे। 85 दुकानदानो से सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की गयी।

नगर निगम की टीम को देखकर व्यापारी सिंगल प्लास्टिक को इधर-उधर फेंकने लगे। कोई कहीं छुपाता, कोई कहीं छुपाता, इतना बचा हुआ था आगे से नहीं बेचेंगे यही सब व्यापारी बहाना बना रहे थे। बड़ी-बड़ी दुकानों द्वारा भी गंदगी फैलाई जा रही थी। पुराने वासी खाद्य सामग्री को मिलाकर के बेचा जा रहा था । इन सभी पर भी चेतावनी देते हुए जुर्माने की कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा 32 दुकानों पर 32500 रुपये जुर्माना किया गया। प्रमुख दुकान पॉपुलर प्लास्टिक, मनीष टी कंपनी,पवन पुत्र टी स्टॉल, सिंह ट्रेंडिंग, न्यू भारत प्लास्टिक, रुक्मणी एजेंसी, पवन पुत्र टी कंपनी, दीपक किराना दुकान,



एजाज अहमद पावर हाउस, पूजा किराना स्टोर, कृष्ण ट्रेडर्स,संजय चना दुकान, शारदा चना, जैन मार्ट, रामाश्रय गुप्ता, गुप्ता कबाड़ी आदि। 50 से अधिक दुकानों को समझाइस दिया गया। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। इन होटल में गंदगी पायी गयी नवरंग डेयरी, गुरु नानक बेकरी, बिहार होटल, मां जगदंबा स्वीट्स, शंकर डेयरी, समीर डेयरी के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक शासन के आदेशानुसार प्रतिबंधित है। यह सबके लिए हानिकारक है। पर्यावरण स्वास्थ्य, सफाई सभी दृष्टिकोण से इसको रखना, इसमें सामग्री बेचना, इसमें रखी गई सामग्री को खाना नुकसानदेह है। महापौर नीरज पाल आयुक्त देवेश ध्रुव ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की है कि मौसमी बीमारियों से बचने के लिए साफ सफाई पर ध्यान दें। पानी उबालकर पिए, हाथ धोकर साफ सुथरा भोजन करें। किसी प्रकार का तकलीफ होने पर डॉक्टर से परामर्श लेकर इलाज करवावे। नगर को साफ सुथरा, स्वच्छ रखने के लिए सिंगल प्लास्टिक का उपयोग न करें। कार्रवाई के दौरान जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत माझी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, प्रवीण कुमार, बीरबल बघेल, नरेंद्र भारती, सुरेश पटेल, धन बहादुर सोनी, दानी लाल, सोनू सोनवानी आदि उपस्थित रहे।

# सुपारी कीलिंग का मामला, धारदार चाकु से हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** उमेश कुमार वर्मा निवासी कृष्णा नगर सुपेला द्वारा 05.08.2024 को रात्रि ड्यूटी कर करीबन 01:00 बजे अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गणेश मार्केट सुपेला के पास पहुंचा था। उसी दौरान तीन अज्ञात लड़के आये और मोटर सायकल को रोककर चाबी छीनने लगे मना करने पर गाली गलौज करते हुए तुझे जान से मार देंगे कहते हुए हाथ मे रखे चाकु से ताबडतोड वार कर दिया जिसे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा गुण्डागर्दी करने वालो के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त है एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की तलाश में लग गई। मुखबीर सूचना एवं प्रार्थी द्वारा बताये



हुलिया के आधार पर संदेही नरेन्द्र सोनी, राज मानिकपुरी एवं शैलेष सिन्हा उर्फ सर्किट से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किये तथा घटना में प्रयुक्त धारदार चाकु बरामद कराये। आरोपियों को 01.09.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। पकड़े गये आरोपियो से पुछताछ करने पर बताया कि राजनांदगांव निवासी अश्वनी वर्मा उर्फ आशु ने सुपेला स्थित अंग्रेजी शराब भट्टी के मैनेजर उमेश कुमार वर्मा को चाकू से मारना है। उसके एवज में 50,000 रूपये आरोपियों को दी जायेगी जिस पर तीनो आरोपी चाकू मारने के पहले दो दिन रैकी किये तथा तीसरे दिन मौका मिलने पर चाकू मारकर फरार हो गये थे। वादा के मुताबिक चाकु मारने के पश्चात 30,000 रूपये अश्वनी द्वारा दिया गया तथा शेष रकम उसके द्वारा नही दी गई है। प्रकरण का आरोपी अश्वनी अभी फरार है पता तलाश जारी है।इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, प्र.आर. पंकज चौबे, आर. रवि कुमार, विकास तिवारी, सूर्य प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

# सर्व समाज समरसता समिति के द्वारा वार्ड 22 टाउनशिप में वृक्षारोपण कार्यक्रम

**दल्लीराजहरा।** 01 सितम्बर को श्री लालबाग गणेशोत्सव समिति, सर्व समाज समरसता समिति तथा स्थानीय निवासियों के सहयोग से श्री लाल बाग गणेशोत्सव मंच वार्ड क्र. 22 सेंट्रल टाउनशिप के मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर "एक पेड़ अपनों के नाम" की भावना के साथ वृहद् वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा और देखभाल की पूरी व्यवस्था की गई। वृक्षारोपण के शुभारम्भ में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पवन कुमार गंगबोईर, तोरण लाल साहू, विजय कुमार देवांगन, पुरोबी वर्मा, और संतोष यादव द्वारा बताया गया की अगर हम वास्तव में जीवित रहना चाहते हैं और अच्छे जीवनयापन करना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए। वृक्ष बचाना और वृक्ष लगाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पृथ्वी पर पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने



के लिए वन अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और आस पास के लोगो को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। वृक्ष न केवल हवा को शुद्ध करता है अपितु जल को संरक्षित भी करता है इस प्रकार वृक्षों से पर्यावरण के साथ देश की अर्थ व्यवस्था को भी मजबूती मिलती है. वृक्षारोपण के दरम्यान सम्मानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने परिजनों के नाम पर पौधारोपण कर अपने परिजनों के नाम पर नाम पट्टीका भी लगाया गया तथा स्थानीय निवासी व श्री लाल बाग गणेशउत्सव समिति द्वारा पौधो के देखरेख करने की जिम्मेदारी लिया गया।

वार्डवासियों के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग करते हुए आयोजन की जमकर सराहना किया गया। पौधों रोपण के इस कार्यक्रम में समिति की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# जेसी आई रायपुर मेट्रो एवं सिंधु एकता समिति के संयुक्त तत्वावधान में भाषण कला पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**तिल्दा-नेवरा।** नगर मे प्रभावी भाषण कला को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ ।इस आयोजन के बतौर मुख्य अतिथि नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कार्यशाला की खुब सराहना किया है। छत्तीसगढ़ , रायपुर जिला, तिल्दा-नेवरा नगर के पूज्य झुलेलाल मंदिर प्रांगण में बीते दिन प्रभावी भाषण कला विषय को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस आयोजन का ट्रेनर सुविख्यात जे सी आई राहुल राजकोटिया प्रोविजनल नेशनल ट्रेनर जी सी आई इंडिया का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने प्रतिभागियों को मंच पर बोलने की कला को लेकर प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में शरीक पच्चीस प्रतिभागियों को प्रशिक्षक राजकोटिया ने मंच पर बोलने के पहले डर , संकोच को दुर करने वहीं मंच पर वक्तव्य देने के पूर्व की तैयारी, तथा अचानक मंच पर आमंत्रित करने पर कैसे वक्तब्य रखा जावे इसके अलावा माईक पकड़ने की कला सहित कार्यक्रम के अनुसार ड्रेसअप वहीं भाषण व संबोधन को प्रभावी बनाने की कला को लेकर प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर प्रभावी भाषण कला कार्यशाला के मुख्य अतिथि नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कहा कि यह कार्यशाला तारीफें काबिल है, उन्होंने कहा कि यह युवा वर्ग के लिए एक सुनहरा अवसर रहा है , जहां पर युवा वर्ग को मंचस्थ होने की कला ,को लेकर प्रशिक्षण का अवसर मिला ,वहीं इस आयोजन को लेकर सिंधु एकता समिति के प्रति धन्यवाद भी अर्पित किया है ,जिनके माध्यम से युवाओं को मंच पर संबोधन व भाषण देने की कला, शारीरिक लेंग्वेज को लेकर प्रशिक्षीत किया जा रहा है। नगरपालिका उपाध्यक्ष ने आगे कहा कि इस आयोजन से युवा वर्ग का बौद्धिक विकास होगा, यह हमारे तिल्दा-नेवरा नगर के लिए बड़ी गर्व की विषय है। वहीं विकास सुखवानी ने जेसे आई रायपुर मेट्रो से आग्रह किया कि वे तिल्दा-नेवरा नगर में वृहद स्तर से पुनः प्रभावशाली भाषण कला का आयोजन करें। इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि धनराज खत्री ने प्रशिक्षुओ को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं अर्पित किया ।सिंधु एकता समिति के अध्यक्ष संजय ज्ञानचंदानी ने आगामी समय में कपल ट्रेनिंग आयोजन को लेकर आश्वस्त किया है। इस आयोजन के मास्टर आफसेरेमनी रायपुर मेट्रो के पूर्व अध्यक्ष आशीष भुटानी थे।

# आत्मा का विकास करना हो तो जीवन से द्वेष को निकालना होगा -प.पू.विशुद्ध सागर जी

**धमतरी।** परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि हे परमात्मा आप ही है जो मुझे इस संसार से मुक्ति दिला सकते है। भव भव के द्वेष को जितने वाले परमात्मा पार्श्वनाथ का जीवन चरित्र हमे जानने का प्रयास करना है। किस तरह ये भावी के भगवान अपने अपकरी पर भी उपकार करके कमठ जैसे को भी तार देते है। हमे विचार करना है की हम जो पाने की इच्छा करते है क्या उसके अनुरूप अपना पुरुषार्थ भी हो रहा है। अगर पुरुषार्थ सही दिशा में नही चल रहा है तो परिणाम भी अनुकूल नहीं आ सकता। हमारे जीवन में जब तक संसार की वस्तुओ को पाने की इच्छा है तक तक आत्मा से स्नेह नही हो सकता। हमे उस आत्मा की चिंता करनी है जो हमारे कर्मो के साथ जाने वाला है। आत्मा का विकास करना हो तो जीवन से द्वेष को निकालना होगा। पुरुषादानी परमात्मा पार्श्वनाथ भगवान के पांचों कल्याणक विशाखा नक्षत्र में



हुआ। काशी देश के बनारस नगरी के राजा अश्वसेन की भार्या वामादेवी की रत्नकुक्षी से हुआ था। परमात्मा पार्श्वनाथ को हाथी के भव में सम्यक दर्शन की प्राप्ति होती है और उसी भव से भव की गिनती प्रारंभ होती है। पूर्वभव में वीस विहरमान तप करके तीर्थंकर नाम कर्म का बंद करते है। सम्यक दर्शन के भव से दसवें भव में परमात्मा का जन्म होता है। परमात्मा का विवाह प्रशेनजीत राजा की पुत्री प्रभावती के साथ परमात्मा का विवाह संपन्न हुआ। परमात्मा पार्श्वनाथ और कमठ का बैर का संबंध 9 भव से था। परमात्मा पंचागनी साधक तापस की साधना में जीव हत्या बताकर उसके द्वारा जलाई गई लकड़ी के दो टुकड़े कराकर उसमे से जलते हुए साप के जोड़े दिखाते है।

# शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप ने स्नेह मेल मिलाप का किया आयोजन

**धमतरी।** मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर उनकी कहानियों से गुजरते हुए वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता और संवैधानिक मूल्यों को लेकर धमतरी जिले के पाँच महाविद्यालयों में प्रेमचंद की कहानियों का नाट्य मंचन किया गया। जैसे पंच परमेश्वर और इश्तियाक लिखित दीवारे । इनका उद्देश्य युवाओं को अपने संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों को लेकर सजग रहने तथा बेहतर समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर संवाद स्थापित करना था। यह मंचन काफी सफल रहा क्योंकि युवाओं के तरफ से बहुत ही सकारात्मक व भावनात्मक विचार व्यक्त किये गये। नाट्य मंचन के सफल आयोजन पश्चात पिछले एक माह से अधिक व्यस्त तैयारी को उत्सव के रूप में मनाने रंगकर्मी एवं युवाओ ने मेल.मिला उत्सव का आयोजन किया। जिसमें विविध गतिविधियों को करना तय हुआ। यह आयोजन शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप के द्वारा टीचर लर्निंग सेंटर,



अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन, आमातालाब धमतरी में किया गया। जिसमें सभी सदस्यों के द्वारा श्नाट्य मंचनश् की खूबियों और कमियों पर बारी .बारी से अपने विचार रखे गये। आगे की रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई जिसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दो को लेकर कार्य करने की आम सहमति दिखाई दी। साथ ही इस ग्रुप में नये युवा साथियों को जुड़ने के लिए प्रेरित करने की सहमति बनती दिखी। अब युथ थियेटर ग्रुप का उद्देश्य सिर्फ नाट्य मंचन करना नहीं वरन लोगों में सकारात्मक वैचारिक बदलाव करते हुए सामाजिक बदलाव के लिए कार्य करना है। इस दौरान समीक्षा करना, योजना बनाना,लक्ष्य तय करना, आवश्यक संसाधन जुटाना जो स्वयं की हो,बहुत जरूरी है।

# ग्राम पंचायत बिलाड़ी में भोजली विसर्जन बाजे-गाजे के साथ धूमधाम व हर्षो उल्लास पूर्वक किया गया

**तिल्दा-नेवरा।** रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिलाड़ी में पोला पर्व के दिन हर्षो उल्लास व धूमधाम से भोजली विसर्जन किया गया। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार भोजली का पर्व मित्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। ये त्योहार अच्छी बारिश और अच्छी फसल के लिए शगुन के तौर पर माना जाता है।सोमवार को तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिलाड़ी में भोजली तिहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। 10 दिनों तक गांव की महिलाओं और युवतियों ने भोजली सेवा के बाद सोमवार को पोला पर्व के दिन भोजली विसर्जित किया। इसके लिए सक्ति माता मंदिर पर कार्यक्रम भी रखा गया था। भोजली विसर्जन में भारी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुई,इसमें गांव वाले भोजली गीत गाते हुए गाजे-बाजे के साथ छोटी छोटी लड़किया अपने सिर पर भोजली बोही हुई थी और गांव के मुख्य मुख्य मार्ग से भम्रण करते हुए गांव के गतवा तालाब तक पहुंचे। उसके उपरांत



लड़किया की टोली भोजली गीत गाने के बाद पुरा श्रद्धा पूर्वक विधि विधान पूर्वक भोजली की पूर्जा अर्चना करने के पश्चात् अपने अपने परिवार व ग्राम वासियों की सुख समृद्धि की कामना की गई फिर उसके उपरांत भोजली को विसर्जित किया गया।

बता दें कि 10 दिन पहले भोजली की बुआई की जाती है। हर रोज शाम को भोजली गीत का आयोजन रखा जाता है। इस दौरान देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद पोला पर्व के दिन भोजली विसर्जन किया जाता है। इस मौके पर मुख्य रूप से अशोक धुव्र, राजु यादव, सचिव अश्वनी यदु, पंकज यदु, गुमान पाल, रोहित पाल, विजय धुव्र, देवचरण यादव, विज्जु धुव्र, सिब्बु पाल, यशवंत, रमेश पाल, यादव, छवि पाल, प्रभु पाल , राजेन्द्र पाल, डिगेश यादव , एवं सैकंडो की संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिती थी। पोला पर्व के अवसर पर कार्यक्रम भी रखा गया था, जिसमे मटकी फोड़, खोखो, जलेबी दौड़, आदि खेल बच्चों के उत्साहवर्धन के लिये रखा गया था, व जितने वाले के लिए इनाम भी रखा गया।

# बालको कर्मचारियों ने किसानों के साथ मिलकर किया एसआरआई विधि से धान की रोपाई

**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने 'मोर जल मोर माटी' परियोजना के तहत लेट्स डू रोपई कार्यक्रम आयोजित किया। रोपाई में भाग लेकर कर्मचारियों ने समुदाय के साथ हरेली उत्सव मनाया। किसानों को सिस्टम फॉर राइसइंटेंसिफिकेशन (एसआरआई) पर प्रशिक्षण देकर रोपाई विधि को आसान बनाया। 50 से अधिक कर्मचारी स्वयंसेवकों ने 4.5 एकड़ खेत में धान लगाने में योगदान दिया। इस अभियान से लाभान्वित किसान के श्रम लागत में लगभग 15 प्रतिशत की कमी आई। छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार कृषि चक्र की शुरुआत का प्रतीक है। हरेली उत्सव किसानों के लिए महत्वपूर्ण त्यौहार है। छत्तीसगढ़ को 'धान का कटोरा' कहा जाता है। इस वर्ष बालको ने अपने कर्मचारियों को किसानों के साथ मिलकर धान की रोपाई में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। किसानों के



साथ मिलकर कार्य करने से एकजुटता की भावना को बढ़ावा मिला। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको किसानों का हरसंभव सहयोग करने के लिए कटिबद्ध है। 'लेट्स डू रोपाई' अभियान में हमारे कर्मचारियों का स्वैच्छिक सेवा, समुदाय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मोर जोल मोर माटी परियोजना के माध्यम से कंपनी समुदाय के किसानों को सिस्टमेटिक राइस इंटेंसीफिकेशन (एसआरआई) विधि के साथ विभिन्न तकनीक और आधुनिक कृषि पद्धतियों में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। आवश्यक ज्ञान और संसाधनों के साथ हमारा लक्ष्य किसानों के जीवन में बदलाव लाना है जिसमें कृषि और स्थायी आजीविका के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बुनियादी ढांचे के विकास भी शामिल है।

कंपनी ने पूरे साल लगभग 2,300 छोटे और सीमांत किसानों को एसआरआई में प्रशिक्षित किया जिससे उनको आर्थिक लाभ मिला है। पारंपरिक तरीकों से खरपतवार, पोषक तत्वों, पानी और सूरज की रोशनी के लिए उपज में बाधा उत्पन्न तथा कीट और बीमारी की समस्याएं पैदा होती हैं जिससे किसानों को नुकसान हुआ है। एसआरआई पद्धति को अपनाने से धान की जड़ों का मजबूत विकास होता है जिससे स्वस्थ फसलें प्राप्त होती हैं।

**बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए दिए टिप्स**

# कलेक्टर ने हमर लक्ष्य के तहत विषय विशेषज्ञों की ली बैठक

**कांकेर।** जिला प्रशासन द्वारा हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत विषय विशेषज्ञों की गठित जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक कलेक्टर निलेश कुमार महादेव रसागर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में राज्य में जिले को दूसरा स्थान हासिल करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आगे भी सभी शिक्षक और विद्यार्थी इसी तरह मेहनत करते रहें, निश्चित ही अच्छे परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि अब हमें उन बिन्दुओं पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, जहां विद्यार्थी पिछड़ रहे हैं। बोर्ड परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन नहीं करने वाले विद्यालयों एवं शिक्षकों का चिन्हांकन कर कारण का पता लगाएं और उनमें सुधार हेतु कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कुछ






विद्यार्थियों के लगातार अनुपस्थित रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए अनुरोध कार्यक्रम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विषयगत व्याख्याताओं के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने जिले के सभी हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में रिमेडियल कक्षाओं का संचालन करने के भी निर्देश दिए। जिला पंचायत के सीईओ सुमीत अग्रवाल ने कोर कमेटी के सभी सदस्यों को मिशन मोड में कार्य करने हेतु प्रेरित किया और कार्ययोजना को जिले में तत्काल लागू करने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने हमर लक्ष्य के बिन्दुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सदस्यों को माह सितम्बर से दिसम्बर तक की कार्ययोजना को मूर्त रूप देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही यह भी बताया कि सभी विद्यालय 15 दिसम्बर 2024 तक पाठ्यक्रम पूर्ण करेंगे, दिसम्बर माह में अर्धवार्षिक परीक्षा एवं जनवरी माह में प्री बोर्ड वार्षिक परीक्षा आयोजित किए जाएगी। उल्लेखनीय है कि बोर्ड कक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन के लिए मासिक, त्रैमासिक टेस्ट, अर्धवार्षिकी एवं प्रीबोर्ड परीक्षा प्रश्न पत्र तैयार कर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया गया है।

# कोंटा नेशनल हाईवे बारिश से जाम, वाहनों की लंबी कतार



**दोरनापाल।** विगत तीन दिनों से हो रही मुसलाधार बारिश की वजह से नेशनल हाईवे के पुलिए में पानी भर गया है जिसके कारण आवागमन अवरुद्ध हो गया है। वाहनों की लंबी कतारें लग गई है जिसके कारण यह इलाका अंतर्राज्यीय सीमा से कट गया है। दोरनापाल नगर पंचायत से कोंटा नगर पंचायत की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित बिरला के उपर बह रहे पानी की वजह से यह स्थिति निर्मित हुई है और सुरक्षा की दृष्टि से बड़े -छोटे वाहनों को जाने से रोका गया है जिसकी वजह से यहां वाहनों का जमावाड़ा लगा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत समूह की दीदियों को मिला स्वास्थ्य कार्ड

**बिलासपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत तखतपुर के ग्राम पंचायत छतौना एवं बोडसरा में समूह की दीदियों को स्वास्थ्य कार्ड दिया गया। समूह की ये दीदियां ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य के तहत कचरा संग्रहण कार्य में जुटी हुई है। इसके अलावा ग्राम के सामुदायिक भवन को स्व-सहायता समूह को हैंड ओव्हर किये जाने के साथ-साथ सॉल और श्रीफल प्रदान कर ग्राम में निरंतर स्वच्छता बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। 14 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान ग्राम में स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों के आयोजन का भी निर्देश दिया गया।

### खाद्य विभाग ने की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की चार दुकानों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही

**बिलासपुर।** एसडीएम कोटा ने गंभीर अनियमितता पाए जाने पर चार पी डी एस संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए सभी दुकानों को निलंबित कर दिया है। इन दुकानों में शासकीय वितरण प्रणाली के चावल और अन्य खाद्य सामग्री का बड़े पैमाने पर गबन किया गया। शासकीय उचित मूल्य दुकान आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मिट्ठू नवागांव उपकेंद्र कोनचरा,उपकेंद्र सोनपुरी प्रबंधक श्री मनीष अग्रवाल , विक्रेता श्री उत्तम कुमार जायसवाल द्वारा कोनचरा में कई क्विंटल चावल, शक्कर,नमक का गबन किया गया। इसी तरह आदिवासी सेवा सहकारी समिति बेलगहना उपकेंद्र आमामुड़ा के प्रबंधक श्री लतीफ खान, विक्रेता श्री उदय राज सिंह द्वारा आमामुड़ा में व आनंद महिला स्व सहायता समूह कर्रा की अध्यक्ष श्रीमती पंच कुंवर बैसवाड़े, सचिव गायत्री देवी विक्रेता दीपक कुमार यादव द्वारा कर्रा में सैकड़ों क्विंटल चावल,शक्कर और नमक का गबन किया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न वितरण में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर सभी को नोटिस जारी किया गया, संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एसडीएम कोटा ने सभी चार दुकानों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की।

### कलेक्टर ने महिला अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर सुनी उनकी समस्याएं

**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री अवनीश ने आज यहां मंथन सभाकक्ष में कलेक्टोरेट सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला अधिकारियो-कर्मचारियों की बैठक लेकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि उनकी मांग और सुझाव पर तत्परता से निराकरण किया जाएगा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री आर पी चौहान, एडीएम श्री शिव कुमार बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत सहित महिला कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर ने सभी से परिचय लिया और काम-काज की जानकारी लेकर उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने कहा कि इस बैठक का उददेश्य महिला अधिकारियों-कर्मचारियों के कामकाज में आ रही दिक्कतों को जानना था। आप लोग सभी लोग अच्छा काम कर रहे हैं। किसी प्रकार की समस्या हो तो बता सकते हैं। मीटिंग में कुछ महिलाओं ने स्वच्छ प्रसाधन की मांग की। इसी प्रकार कुछ महिलाओं ने झूलाघर की मांग की। कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया कि आपकी जो भी मांगे हैं उन्हें जल्द ही पूरा किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु दावा-आपत्ति 19 सितम्बर तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25, 44, 45, 46, 37, 30, 53, 21, 60, 28, 41 एवं वार्ड क्र. 66 में सहायिका पद की नियुक्ति हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित किये गये है। इस संबंध में दावा आपत्ति 19 सितम्बर तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बिलासपुर में कार्यालीयन समय में जमा किये जा सकते है।

### शिक्षक दिवस पर विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन आज

**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री अवनीश शरण के निर्देश पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा 05 सितंबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्रार्थना सभाकक्ष में सवेरे 11 बजे से किया गया है। कलेक्टर ने सभी स्कूलों एवं कॉलेजों के शिक्षकों से अपील की है कि वे अधिक-से अधिक संख्याा में इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अपना सहयोग प्रदान करें और 5 सितम्बर शिक्षक दिवस को यादगार बनाएं।

## जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

# अधिवक्ताओं के लिए नये सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा

**बिलासपुर। संवाददाता**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने संघ की मांग पर जिला न्यायालय परिसर में नये सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री दाऊराम चंद्रवंशी ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव मौजूद थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में महाधिवक्ता श्री प्रफुल्ल एन भारत, विधायक श्री अमर अग्रवाल, श्री धरमलाल कौशिक, श्री दिलीप लहरिया, श्री अटल श्रीवास्तव श्री सुशांत शुक्ला, महापौर श्री रामशरण यादव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती नीता यादव, संरक्षक अधिवक्ता संघ श्री एसके सिन्हा एवं प्रतिनिधि भारतीय विधिज्ञ परिषद श्री शैलेन्द्र दुबे उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि एक सप्ताह में दूसरी बार न्यायधानी बिलासपुर आने का मौका लगा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर का जिला अधिवक्ता संघ प्रदेश के अधिवक्तओं का सबसे पुराना संगठन है। फिलहाल साढ़े 3 हजार विद्वान अधिवक्ता इस संघ से जुड़े है। उन्होंने कहा कि इस संस्था का ऐतिहासिक महत्व रहा है। इनके सदस्यों ने आजादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। यही नहीं बल्कि बड़े-बड़े राजनेता और न्यायविद इस संगठन ने पैदा किये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ताओं के समक्ष कई समस्याएं मौजूद हैं। लेकिन उन्होंने इनकी परवाह किये बिना लोगों को न्याय दिलाने में महती भूमिका अदा कर रहे हैं। गरीबी



अमीरी का भेदभाव किये बिना सभी को समभाव से न्याय दिलाने में जिला अधिवक्ता संघ ने मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री ने संघ की मांग पर राजस्व मण्डल एवं स्थायी लोक अदालत में सदस्यों की नियुक्ति जल्द करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने तीजा एवं गणेश चतुर्थी महापर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि मैं स्वयं अधिवक्ता रहा हूं। अधिवक्ताओं की समस्याओं से भली भांति अवगत हूं। उनकी तमाम समस्याएं शनै:शनै: दूर करने का प्रयास किया जायेगा। श्री साव ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां से निकले विधिवेत्ता और राजनेताओं ने बिलासपुर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10-12 बरसों में न्यायालयों में सुविधाओं का तीव्र गति से विकास हुआ है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा ताकि लोगों को सुलभ तरीके से न्याय मिल सकेगा। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री दाऊराम चंद्रवंशी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अधिवक्ताओं की दिक्क्तों का उल्लेख करते हुए इनका समाधान करने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया। इस अवसर पर कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह सहित न्यायाधीश गण, अधिवक्ता एवं शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# रेत का अवैध परिवहन करते 4 हाईवा व 1 ट्रैक्टर जब्त किया

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण के आदेश पर खनि अमला बिलासपुर द्वारा नदी का पानी उतरने पर अवैध रेत उत्तखनन की सम्भावना के दृष्टिगत रखते हुये लगातार चिहाँकित क्षेत्रों की निगरानी में लगा है द्य खनि अमला ने आज सुबह 5 बजे से ग्राम लोधीपारा,कोनी,सेंदरी, कछार,लोफंदी,मंगला,धुरीपारा, लोखंडी,निरतू, घुटकू , क्षेत्र मे रेत खदान एवं खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच किया गया। जांच मे 2 हाईवा को खनिज रेत और भसुवा मिट्टी तथा 01 ट्रेक्टर को ईट(मिट्टी) का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर पुलिस थाना कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी तरह तीन दिवस पूर्व ही कछार क्षेत्र मे खनिज रेत/भसुवा मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर



02 हाईवा को जप्तकर पुलिस थाना कोनी के ही अभिरक्षा में रखा गया है। खनि अमला द्वारा ग्राम सेंदरी, लोफंदी, कछार,निरतू,घुटकू, लामेर मे खनिज रेत के अवैध उत्खनन को रोकने हेतु नदी से रेत परिवहन मार्ग को जेसीबी मशीन से काटकर गड्ढा नियमित रूप से किया जा रहा है तथा लगातार उसकी जाँच भी की जा रही है। गड्ढा पाटे जाने पर पुन: गड्ढा बना कर रेत परिवहन मार्गो को बाधित किया जा रहा है द्य जांच में मिली जानकारी अनुसार सम्बंधित ग्राम के ही व्यक्तियों के द्वारा उक्त कार्य किया जा रहा है ।परन्तु जब अमला कार्यवाही के लिए जाता है तो ग्राम का कोई व्यक्ति, सरपंच, पंच के द्वारा रेत अवैध उत्तखनन या भंडारण करने वालों की जानकारी नहीं दिया जाता। इस स्थिति को देखते हुये खनिज विभाग जिला खनिज टास्क फोर्स की बैठक आयोजित कर कुछ नये कड़े कदम उठाने की तैयारी में लगा है।

# कलेक्टर ने महिला अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर सुनी उनकी समस्याएं.......

■ महिलाओं के लिए बना पिंक टॉयलेट, झूलाघर और कॉमन रूम भी बनेगा जल्द

**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री अवनीश ने आज यहां मंथन सभाकक्ष में कलेक्टोरेट सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला अधिकारियो-कर्मचारियों की बैठक लेकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने उनकी मांग और सुझाव पर त्वरित निर्णय लेते हुए झूलाघर और कॉमन रूम जल्द बनाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री आर पी चौहान, एडीएम श्री शिव कुमार बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत सहित महिला कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि कलेक्ट्रेट में महिलाओं



के लिए पिंक टॉयलेट बनाया गया है जो कल से ही शुरू हो जाएगा। बैठक की शुरूवात में कलेक्टर ने सभी से परिचय लिया और काम-काज की जानकारी लेकर उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने कहा कि इस बैठक का उददेश्य महिला अधिकारियों-कर्मचारियों के कामकाज में आ रही दिक्कतों को जानना था। आप लोग सभी लोग अच्छा काम कर रहे हैं। किसी प्रकार की समस्या हो तो बता सकते हैं। महिलाओं ने उनसे झूलाघर और कॉमन रूम की मांग की जिसे कलेक्टर ने जल्द बनाने कहा। महिलाओं ने बताया कि कामकाजी होने के कारण कई बार किसी के नहीं रहने से बच्चों को रखने में दिक्कत होती है। ऐसे समय में हमें अवकाश लेना पड़ जाता है। झूलाघर होने से ये सारी दिक्कत नहीं होगी। मीटिंग में महिलाओं ने कहा कि यह पहली दफा है कि जब हमारी बैठक लेकर हमारी समस्याएं सुनी गई है। कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया कि आपकी जो भी मांगे हैं उन्हें जल्द ही पूरा किया जाएगा।

# श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन के लिए शिविर 27 सितंबर तक होगा

**बिलासपुर।** जिले के विभिन्न भवन निर्माण स्थलों में कार्यरत श्रमिकों का छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल (बीओसी) में उनके कार्य के प्रवर्ग के अनुसार शत-प्रतिशत पंजीयन हेतु श्रम विभाग द्वारा 27 सितंबर 2024 तक जिले में कुल 28 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जनपद कार्यालय बिल्हा एवं सेंट्रल लाइब्रेरी के पास, 04 सितंबर 2024 को एमएम फन सिटी लगरा, महामाया रेसीडेंसी सेंदरी एवं विनायक नेत्रालय के सामने निर्माण कार्य, 06 सितंबर 2024 को पुराना बस स्टैंड, जनपद कार्यालय बिल्हा के सामने एवं समृद्धि विहार सेंदरी, 10 सितंबर 2024 को बहतराई चौक, मोपका बाईपास सेंदरी एवं चकरभाठा एयरपोर्ट, 12 सितंबर 2024, को एस एस स्कूल बिल्हा, हाई कोर्ट कॉलोनी बोदरी एवं हाउसिंग कॉम्प्लेक्स छठघाट, 13 सितंबर 2024 को साहू मोहल्ला सेंदरी, 17 सितंबर 2024 को आदिवासी भवन तेलीपारा, हाउसिंग देवरीखुर्द एवं अरपा ग्रीन सेंदरी, 20 सितंबर को तहसील भवन सीपत, बरतोरी एवं गीतांजलि सिटी, 23 सितंबर 2024 को राजकिशोर नगर, 24 सितंबर 2024 को अंडरग्राउंड पार्किंग बोदरी, 25 सितंबर 2024 को मस्तूरी, 27 सितंबर 2024 को नचिकेता सिलपहरी एवं गणपति होम्स मापका में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ऐसे समस्त श्रमिकों का भी पंजीयन किया जाएगा।

# सफलता की कहानी पीएम जनमन योजना से खुले विकास के रास्ते..

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से दूर-दराज गांवो में निवास कर रहे जनजाति समूह के पक्के आवास का सपना साकार किया है। शासन की मंशा है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय को सामाजिक क्षेत्र में विशेष अधिकार प्रदान कर मुख्य धारा से जोड़ना ताकि वे भी आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बने। ग्रामीण इलाकों के सभी पात्र हितग्राहियों के ग्रामवासियों का घर पीएम आवास योजना के तहत बनाया जा रहा है। ऐसे ही आवास योजना से जनजाति समूह की हितग्राही श्रीमती हीरमति बाई बैगा भी लाभान्वि हुई है। उन्हे अपने पक्के आवास का सपना पूरा होते हुए देख बड़ी खुशी हुई है और वे अपने परिवार सहित अपने पक्के मकान में खुशी से जीवन यापन कर रहीं हैं। कोटा ब्लॉक के ग्राम धूमा के सुदूर इलाकों में निवास करने वाली जनजाति समूह से हीरमत बाई बैगा को शासन के कल्याणकारी योजना का लाभ मिला है। उनके पक्के आवास का सपना साकार हुआ



है। वे बताती है कि उनके लिए अपने पक्के आवास का सपना पूरा करना असंभव था। वे बताती है कि उनके घरों में बरसात का पानी गिरने से उनके छत से पानी टपकने लगता था। पानी टपकने से उनके उठने, बैठने की सुविधा भी नहीं हो पाती थी वे टपकती छत से ही अपना गुजारा करते थे। उनके बच्चों के भी पढ़ाई में परेशानियां आते रहती थी और मिट्टी का घरा होने के कारण कभी भी दीवार गिरने का खतरा बना रहता था। उनके घरों के आस-पास से भी जहरीले जीवों के निकलने का खतरा बना रहता था। वे बताती है कि सुदूर एवं वनांचल इलाका होने के कारण शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी उनके ग्रामों तक नहीं पहुंच पाता था। लेकिन पीएम जनमन योजना के तहत अब सुदूर एवं वनांचल इलाकों में भी प्रचार-प्रसार के साथ समय पर योजनाओं का लाभ उन्हें और उनके ग्रामों में सभी हितग्राहियों को मिल रहा है। श्रीमती हीरमति बाई बैगा ने शासन के इस अभिनव पहल पर उनका धन्यवाद देते हुए उनके कार्यो की प्रशांसा करते नहीं थक रहीं है। वे अपने पक्के आवास में अपने परिवारजों के साथ सकुशल बिना डर भय के निवास कर रहीं है।

# संरक्षा के 06 सजग प्रहरियों को मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के द्वारा संरक्षा पुरस्कार से किया गया सम्मानित....

**बिलासपुर।** संरक्षित रेल परिचालन रेलवे प्रशासन की पहली प्राथमिकता है । संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से संरक्षा से संबन्धित विभिन्न जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं इसके साथ ही मंडल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान सजगता एवं सतर्कता के साथ उत्कृष्ट संरक्षित कार्य का निर्वहन करते हुये बेहतर संरक्षा सुनिश्चित करने में सराहनीय योगदान देने वाले संरक्षा प्रहरियों को प्रोत्साहित करने हेतु संरक्षा पुरस्कार भी प्रदान किया जा रहा है इसी कड़ी में दिनांक 24.08.24 को लोको पायलट बिलासपुर श्री एम के रघुवंशी एवं सहायक चालक बिलासपुर श्री विनोद सिंह ने गाड़ी संख्या 20848 ऊधमपुरङ्कदुर्ग एक्सप्रेस में ड्यूटि के दौरान समय लगभग रात्रि 03:48 बजे चरू 934/18-16 मुदरिया-घुंघुटी डाउन लाइन पर पाया कि ट्रैक पर गीली मिट्टी के साथ



कुछ छोटे पत्थर है साथ ही एक बड़ी चट्टान गिरने की अवस्था में है । इन्होने तत्परता पूर्वक अपनी गाड़ी को कंट्रोल किया और सावधानी से इंजन का फ्लेशर लाइट जलाकर घुंघुटी स्टेशन तक आये तथा स्टेशन मास्टर घुंघुटी व ट्रेन मैनेजर को घटना की सूचना दी साथ ही ञ्रस्ष्ट को भी सूचना दी ताकि दूसरी गाड़ी संरक्षित हो सके इनके द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य से संरक्षा सुनिश्चित हुई दिनांक 24.08.24 को ही ट्रैक मेंटेनर मुदरिया श्री पवन कुमार एवं श्री बृजेश सिंह गौतम खंभा संख्या 934/06-934/38 मे ट्रैक पेट्रोलिंग के दौरान लगभग रात्रि 3.55 बजे देखा कि किमी 934/18-20 मुदरिया-घुंघुटी डाउन लाइन में बोल्डर गिरा हुआ है इन्होने तुरंत इसकी सूचना अपने इंचार्ज सीनियर सेक्शन इंजीनियर घुंघुटी श्री सुनील कुमार को दिया श्री सुनील कुमार ने इसकी सूचना तुरंत स्टेशन मास्टर घुंघुटी को दिया तथा अपनी टीम ने साथ तत्काल मौके पर पहूंच कर ट्रैक को क्लियर कराया इन तीनों के सजगता एवं सतर्कता से उक्त ट्रैक पर अल्प समय में ट्रेन का परिचालन प्रारम्भ हुआ । इसी प्रकार ट्रेन मैनेजर ब्रजराजनगर श्री सुभाष वेशम्पायन 30 अगस्त 2024 को अपनी ड्यूटि के दौरान ब्रजराजनगर स्टेशन में देखा कि डाउन लाइन से गुजर रही मालगाड़ी के एक वैगन के पहिये में हॉट एक्सल देखा तथा इसकी सूचना उक्त मालगाड़ी के ट्रेन मैनेजर को दिया इसकी सूचना ईब स्टेशन के स्टेशन मास्टर को देकर खड़ी को खड़ा किया गया इनकी सजगता से गाड़ी को संरक्षित किया गया आज मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रवीण पाण्डेय ने इन सभी संरक्षा प्रहरियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इनकी सजगता भरे कार्य की प्रशंसा की गई तथा प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री योगेश कुमार देवांगन, श्री चंद्रभूषण सहित सभी शाखाधिकारी उपस्थित थे

# यूट्यूबर मोहनीश की दुर्घटना में मौत, तेज रफ्तार संग वीडियो बनाने का था शौक

**कोरबा।** यूट्यूबर मोहनीश कर्ष एक तेज बाइकर के नाम में जाने जाते थे और तेज रफ्तार ही उसकी मौत का कारण बना। यूट्यूबर मोहनीश कर्ष अपने दोस्त के साथ स्पोर्ट्स बाइक पर सवार होकर यूट्यूब वीडियो बनाने निकला था। बाइक फुल स्पीड में ही, तभी दर्री थाना अंतर्गत बरमपुर नहर बाइपास मार्ग के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। मोहनीश हेलमेट लगाया था इसके बाद भी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसे साथ सवार घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मृतक मोहनीश कर्ष के पिता कुसमुंडा के एक स्कूल में शिक्षक हैं व एनटीपीसी कालोनी जमनीपाली में रहते है। सूचना मिलने के बाद दर्री थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मोहनीश कर्ष अपने माँ बाप का एकलौता बेटा है।? जिसकी एक बहन भी है। भाइ के जाने के बाद पूरा परिवार सदमे में है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने शव कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया जायेगा। यूटूबर मोहनीश कर्ष हर रविवार अपने दोस्त के साथ अपने यूट्यूब चैनल के लिए वीडियो बनाने कही भी निकल जाते थे। वीडियो बना कर अपने चैनल में अपलोड करते थे। किसे पता था ये सफर उनका आखिरी सफर होगा। मोहनीश हमेशा की तरह पूरी तैयारी और सेफ्टी के साथ वीडियो बनाने को निकला था।

स्वात्वाधिकारी श्रीमती योगिता साहू के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक तरुण कुमार साहू द्वारा एमबीएम प्रिंटर्स, महामाया रेजिडेंशियल शिव मंदिर कोनी बिलासपुर से मुद्रित कर महामाया रेजिडेंशियल शिव मंदिर कोनी बिलासपुर छत्तीसगढ़ पिन कोड 495009 से प्रकाशित। संपादक तरुण कुमार साहू (पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) आरएनआई नं.-CHHHIN/2009/34957 फोन : 07752-223678 dainiktarunpath@gmail.com- tarunpath@ymail.com